देश का Darpan News TV

FASTWAY

Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित


अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Google Play
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, बुधवार, 07 जनवरी, 2026 | मूल्य : 5.00 पेज:


# यूपी एसआईआर: हर पांचवां वोटर लिस्ट से बाहर

## उत्तर प्रदेश एसआईआर: ड्राफ्ट लिस्ट में 2.89 करोड़ नाम कटे, एसआईआर आंकड़ों में हर विधानसभा से औसतन 70-71 हजार वोट काटे गए

**नई दिल्ली**
चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश का एसआईआर डाटा जारी कर दिया है। प्राथमिक रूप से जारी किए गए आंकड़ों में यूपी के करीब 18 प्रतिशत मतदाताओं (2.89 करोड़) का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। मोटे तौर पर प्रदेश का हर पांचवां मतदाता इस बार सूची से बाहर हो गया है। विधानसभा चुनावों में हजार-पांच सौ वोटों के अंतर से भी अनेक सीटों पर हार-जीत के परिणाम तय होते हैं। लेकिन एसआईआर आंकड़ों में हर विधानसभा से औसतन 70-71 हजार वोट काटे गए हैं। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि 2027 के विधानसभा चुनाव परिणामों पर इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है। विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच सभी सियासी दल इन आंकड़ों के जारी होने के बाद अपनी जीत-हार को लेकर गुणा-भाग करने में जुट गए हैं। सभी दल यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि एसआईआर के बाद नए समीकरणों में यह किसके लिए लाभ और किसके लिए नुकसान का सौदा साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एसआईआर को लेकर अपनी नाराजगी पहले ही जाहिर कर चुके हैं। भाजपाई खेमे में शहरी क्षेत्रों से मतदाताओं के नाम कटने को लेकर बड़ी चिंता है। भाजपा का ग्रामीण इलाकों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में प्रभाव ज्यादा रहा है, लिहाजा माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में वोट कटने से भाजपा को नुकसान हो सकता है।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी का कारण भी यही था। लेकिन राजनीतिक समीक्षकों का मानना है कि एसआईआर से किसी भी दल को एक तरफा लाभ या नुकसान नहीं होने जा रहा है। बिहार के अनुभव ने यही दिखाया है कि जिस राजनीतिक दल का जातीय समीकरण ज्यादा बेहतर होगा, और विकास के वादों के साथ जो जनता को अपने साथ ज्यादा जोड़ पाएगा, चुनाव में उसे बढ़त मिल सकती है। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं का नाम एक जगह से कट गया है जो यूपी में ही किसी दूसरे शहर, या देश के दूसरे हिस्सों में जाकर मतदाता बन चुके हैं।

### किस श्रेणी में मिले कितने मतदाता

स्थानांतरित/अनुपस्थित-2.17 करोड़
मृत-46.23 लाख
डुप्लीकेट-25.47 लाख
जिन्होंने फार्म नहीं किए जमा-7.57 लाख
इन 10 जिलों में कटे सबसे ज्यादा नाम

**जिला मतदाताओं के नाम कटेंगे**

लखनऊ - 12 लाख
प्रयागराज - 11.56 लाख
कानपुर नगर - 9.02 लाख
आगरा - 8.36 लाख
गाजियाबाद - 8.18 लाख
बरेली - 7.14 लाख
मेरठ - 6.65 लाख
गोरखपुर - 6.45 लाख
सीतापुर - 6.23 लाख
जौनपुर - 5.89 लाख

**इन 10 जिलों में कटे सबसे कम नाम**

महोबा 85352
हमीरपुर 90560
ललितपुर 95447
चित्रकूट एक लाख
श्रावस्ती 1.34 लाख
शामली 1.63 लाख
कासगंज 1.72 लाख
बांदा 1.75 लाख
बागपत 1.77 लाख
अमरोहा 1.81 लाख

### अब तक 15.78 लाख जमा हो चुके हैं फार्म-6

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआइआर के कारण यूं तो मतदाता सूची फ्रीज थी, इसके बावजूद नए मतदाता बनने के लिए 15.78 लाख फार्म-6 जमा हो चुके हैं। एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले इसमें मतदाता बन सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन छह मार्च को होगा। मतदाता सूची से किसी का नाम हटाने या फिर जोड़ने के खिलाफ फार्म सात भरकर आपत्ति की जा सकती है। निवास स्थान परिवर्तन, नाम या पते में सुधार, एपिक नया बनाने के लिए फार्म आठ भरना होगा। जिन मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है उन्हें 27 फरवरी तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस देंगे।
भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीकृत 12 प्रमाण पत्रों में से इन्हें एक देना होगा। आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद अब नोटिस एवं ईआरओ या एईआरओ के द्वारा ही किसी का नाम काटा जा सकता है।

# सरकार ने शहरों में 96.53 लाख लोगों को दिए मकान



**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत अब तक 96.53 लाख आवास बेघरों को घर दिए गए हैं। यह जानकारी केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने दी। उन्होंने कहा कि 122.20 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई है और 96.53 लाख आवास बन कर तैयार हो चुके हैं और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।
मनोहर लाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ने भारत के लाखों परिवारों को उनके सपनों का घर प्रदान कर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है। वर्ष 2025 में इस योजना ने आवासों की स्वीकृति और निर्माण की गति को तेज करते हुए बड़ी संख्या में लाभार्थियों को पक्का घर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि घरों के निर्माण से न केवल शहरी गरीबों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है बल्कि उन्हें सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी मिला है। योजना ने शहरी आवासीय परिदृश्य को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी की शुरूआत वर्ष 2015 में हुई थी और बीते एक दशक में इसने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे शहरी गरीबों को पक्का घर देना हो, प्रवासियों को किफायती किराये का आवास उपलब्ध कराना हो या मध्यम आय वर्ग के परिवारों को उनका पहला घर दिलाने में आर्थिक सहायता प्रदान करना हो, योजना ने हर स्तर पर सकारात्मक असर डाला है। इस योजना ने झुग्गियों, कच्चे मकानों और किराये के अस्थायी घरों में रहने वाले लोगों, खासकर महिलाओं को अपना खुद का पक्का घर दिया है।


# केंद्र ने राजस्थान, पंजाब को वायु प्रदूषण कम करने के दिए निर्देश

## केंद्र ने तैयारियों की समीक्षा की



**नई दिल्ली**
वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए राजस्थान और पंजाब की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दोनों राज्यों को प्रदूषण कम करने के लिए उपायों को तेज करने के निर्देश दिए। यादव ने कहा कि दिल्ली एनसीआर के सभी राज्य परिवहन, कचरा, उद्योग, खेती जैसे हर क्षेत्र के लिए स्पष्ट लक्ष्य और जिम्मेदारी तय करें। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि जनवरी 2026 से हर महीने राज्यों की कार्ययोजनाओं की समीक्षा मंत्री स्तर पर होगी। अभी से योजना बनाने पर अगले प्रदूषण सीजन में अच्छे नतीजे दिखेंगे। उन्होंने राजस्थान के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में पब्लिक ट्रांसपोर्ट मजबूत किया जाए (खासकर अलवर, भिवाड़ी, नीमराना, भरतपुर में), इलेक्ट्रिक बसें जल्दी खरीदी जाएं और चार्जिंग स्टेशन शहरों एवं हाई-वे पर बढ़ाए जाएं। इसके साथ अवैध एवं अव्यवस्थित ट्रक पार्किंग पर तुरंत कार्रवाई हो, शहरों में सड़क सुधार और ट्रैफिक जाम कम करने की योजनाएं बनें।
मशीन से सड़क सफाई तुरंत शुरू की जाए। पेड़-पौधों की हरियाली बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन उद्योग में ऑनलाइन प्रदूषण निगरानी सिस्टम नहीं लगाए हैं, उन पर कार्रवाई हो।
लोगों को जागरूक करने के लिए उद्योगों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ अभियान चलाया जाए। यादव ने पंजाब के लिए निर्देश जारी करते हुए कहा कि
पराली प्रबंधन की दिशा में राज्य ठीक से काम करें। ड्रोन से निगरानी कर पराली जलाने पर रोक लगाई जाए। पराली जलाने को रोकने के लिए नई और प्रभावी तरीके खोजे जाएं। पेलेट प्लांट, थर्मल पावर प्लांट, ईंट भट्टों में पराली का उपयोग बढ़े।

# ओएनजीसी के कुएं में भयानक गैस रिसाव, दूसरे दिन भी धधक रही आग



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा जिले में ओएनजीसी की मोरी-5 गैस कुएं से भयंकर धमाका हुआ है। सोमवार दोपहर से शुरू हुई यह आग मंगलवार को भी धधक रही है। लपटें आसमान को छू रही हैं और आसपास के इलाके काले धुएं से ढक गए हैं। रेजोल शहर के कुछ हिस्सों में घना काला धुआं छा गया है। भीषण आग के बाद लोगों में दहशत फैल गई है। फायर फाइटिंग टीमें रातभर जुटकर काम करती रहीं। उनका ध्यान कुएं के मुहाने को ठंडा रखने और आग को पास के नारियल के बागानों तथा मछली तालाबों तक फैलने से रोकने पर है। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# कार्तिगई दीपम विवाद, हाईकोर्ट ने दीप जलाने की दी परमिशन

**मदुरै**
तमिलनाडु के मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने मंगलवार को तिरुप्परनकुंड्रम मंदिर में पहाड़ी पर दरगाह के पास दीपस्तंभ (दीपथून) पर दीप जलाने की इजाजत दे दी है। जस्टिस जी जयचंद्रन और जस्टिस केके रामकृष्णन की बेंच ने जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन के सिंगल बेंच का फैसला बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि दीप जलाने के मुद्दे को राजनीतिक रंग दिया गया, जबकि यह लंबे समय से चली आ रही धार्मिक परंपरा से



जुड़ा मामला है। कोर्ट ने कहा कि जिला प्रशासन को इस मामले को समुदायों के बीच संवाद और समन्वय के अवसर के रूप में देखना चाहिए था। यह मामला हिंदू तमिल पार्टी के नेता राम रविकुमार की याचिका से जुड़ा है, जिसमें कार्तिगई दीपम पर्व के दौरान पहाड़ी पर बने पत्थर के पिलर पर दीप जलाने की इजाजत देने की मांग की गई थी। पिछले साल 1 दिसंबर को जस्टिस स्वामीनाथन ने याचिका

# प्रदूषण: सीएक्यूएम कर्तव्य निभाने में रहे असफल: कोर्ट

**नई दिल्ली**
मंगलवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) दिल्ली बॉर्डर पर टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या हटाने के मुद्दे पर 2 महीने का समय मांगा था। जिस पर फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को ठुकरा दिया और कहा कि आयोग अपना कर्तव्य निभाने में असफल रहा है। वहीं अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को चरणबद्ध तरीके से लंबे समय के समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह विभिन्न हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर विचार करेगा। इसी के साथ दो हफ्ते में विशेषज्ञों की बैठक बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर एक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है।

# राजस्थान में 5 हजार युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण: अश्विनी वैष्णव

**जयपुर**
केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आने वाले समय में मानव जीवन का अभिन्न अंग बनेगा और इसकी पहुंच हर व्यक्ति, हर घर तथा हर उद्यम तक सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एआई को समावेशी, सुलभ और जनोपयोगी बनाने की दिशा में ठोस और दूरदर्शी कदम उठाए जा रहे हैं। वैष्णव मंगलवार को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने घोषणा की कि राजस्थान में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए उद्योग संगठनों के सहयोग से नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिनके तहत राज्य के पांच हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही राजस्थान में डेटा सेंटर स्थापित करने की दिशा में शीघ्र आवश्यक प्रक्रियाएं प्रारंभ की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआई विकास के क्षेत्र में भारत आज विश्व के शीर्ष तीन देशों चीन, अमेरिका और भारत में शामिल है। विशाल प्रतिभा, मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचार आधारित इकोसिस्टम भारत को वैश्विक स्तर पर एआई नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहे हैं।
उन्होंने बताया कि एआई कंप्यूटिंग सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कॉमन कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है, जिसके तहत देशभर में कम लागत पर उन्नत कंप्यूट संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री के विशेष फोकस के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार किया जा रहा है।

# करुर भगदड़: एक्टर विजय को झटका, पूछताछ के लिए सीबीआई ने किया तलब

**नई दिल्ली**
अभिनेता से नेता बने विजय को करुर भगदड़ मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ा झटका दिया है। सीबीआई ने टीवीके प्रमुख विजय को 12 जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया है। यह मामला पिछले साल 27 सितंबर को विजय की रैली में हुई उस भगदड़ से जुड़ा है, जिसमें 41 लोगों की जान चली गई थी। यह घटना करुर जिले के वेलुसामीपुरम में हुई थी। विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) की रैली में भारी भीड़ जमा हो गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, जगह की क्षमता करीब 10 हजार लोगों की थी, लेकिन वहां लगभग 30 हजार लोग इकट्ठा हो गए। सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं हुआ और खाने-पीने की पानी



की उचित व्यवस्था भी नहीं थी, जिससे हालात और बिगड़ गए।
क्या था भगदड़ का मुख्य कारण?
भीड़ को इकट्ठा करने में लापरवाही सबसे बड़ा कारण बताई गई। विजय दोपहर 12 बजे पहुंचने वाले थे, लेकिन शाम करीब 7 बजे आए। इस देरी से भीड़ और बढ़ती गई। जब उनका कैंपेन बस आया, तो लोगों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

# योगी कैबिनेट: राज्य में पारिवारिक संपत्ति हस्तांतरण होगा आसान

## परिवार के सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को मंजूरी, स्टाम्प शुल्क में छूट देते हुए पांच हजार ही लिया जाएगा

**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य में परिवार के सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस निर्णय से अब पारिवारिक सदस्यों के बीच व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी स्टाम्प शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में दान विलेखों पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार हस्तांतरण पत्र



(कन्वेयंस डीड) की भांति स्टाम्प शुल्क देय होता है, जबकि रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अनुसार अचल संपत्ति के दान विलेख का पंजीकरण अनिवार्य है।

**5,000 तक सीमित है स्टाम्प शुल्क**

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2 की 3 अगस्त 2023 की अधिसूचना के माध्यम से यह व्यवस्था की गई थी कि यदि अचल संपत्ति का दान परिवार के सदस्यों के पक्ष में किया जाता है तो स्टाम्प शुल्क में छूट देते हुए अधिकतम पांच हजार रुपये ही लिया जाएगा। यह छूट अब तक केवल कृषि एवं आवासीय संपत्तियों तक सीमित थी। योगी कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत इस छूट को पारिवारिक सदस्यों के मध्य व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। इससे परिवारों के बीच संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और कम खचीर्ली हो जाएगी। प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि 2022 से पहले तक परिवार के रिश्ते में यदि कोई प्रॉपर्टी देता था तो पूरे सर्किल रेट के बराबर स्टाम्प शुल्क देना पड़ता था। 2022 में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तय हुआ कि पारिवारिक रिश्तों में यदि कोई प्रॉपर्टी दान की जाती है तो उस पर फिक्स्ड 5 हजार रुपए स्टांप लगेगा। लेकिन यह दान केवल आवासीय और कृषि पर लागू था।

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बन कर तैयार, परीक्षण शुरू

**जींद**
देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बनकर तैयार हो गयी है और इसे पटरी पर उतारने से पहले रेलवे की तकनीकी टीम ने मानकों के आधार पर अंतिम परीक्षण शुरू कर दिये हैं। लखनऊ स्थित रेलवे के अभिकल्प, विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के तकनीकी अधिकारी फिलहाल ट्रेन संचालन को लेकर हर बारीक पहलू पर काम कर रहे हैं।
इस विशेषज्ञ टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की। टीम का मुख्य फोकस पावर कार और उससे जुड़े सुरक्षा एवं नियंत्रण उपकरणों पर रहा। स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-




अलग गति पर परखा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके। टेस्टिंग के दौरान ट्रेन को धीमी और मध्यम गति पर चला कर उपकरणों की कार्यक्षमता को रिकार्ड किया गया। इसके अलावा ट्रेन के पायदानों की मजबूती और ऊंचाई की भी जांच की गई। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाने वाली इस ट्रेन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस ट्रेन को ईंधन आपूर्ति के लिए जींद में स्थापित किए गए हाइड्रोजन प्लांट को अंतिम कमीशनिंग एवं नियमित संचालन के दौरान स्थिर और निर्बाध 11 केवी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। राज्य के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के साथ हाइब्रिड मोड में एक बैठक आयोजित की गई।

# लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा का धौलपुर में आगमन पर निषाद कश्यप समाज ने किया भव्य स्वागत

**दर्पणन्यूज,धौलपुर(धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 6 नवम्बर**

**लेबनान में आ**योजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट ( एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा का धौलपुर में आगमन पर निषाद कश्यप समाज ने भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर धौलपुर की जनता द्वारा अपने पलक पांवड़े बिछाकर फूलों की वर्षा कर-के भव्य एवं ऐतिहासिक अभिनंदन किया।

उल्लेखनीय है कि प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा ने लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में तजाकिस्तान की



फाइटर वरफीना रहमतुलोज़िदा को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। धौलपुर पहुँचने पर समाज के द्वारा। उनके सम्मान में रैली निकाली गयी जो महात्मा नंद की बगीची से प्रारंभ करके पुराना शहर, हॉस्पिटल चौराहा, जगन सिनेमा, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी होते हुए श्री महामाया मंदिर पर पहुंची।

मार्ग में जगह जगह रैली पर पुष्पवर्षा की गई। महामाया मंदिर पर भव्य कार्यक्रम में स्वागत समारोह में खुशबू निषाद, फतेहाबाद के पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा एवं खुशबू निषाद के पिता नंदा निषाद का साफा, माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कमल निषाद अध्यक्ष,मुकेश निषाद पार्षद, गंगाप्रसाद सरपंच छीतापुरा,मुकेश, माखन सिंह ,प्रताप कश्यप,देवेंद्र सिंह कश्यप ,सुरेंद्र सिंह कश्यप,रोशन कश्यप,पंचम बाथम, जगदीश कश्यप, निरोती कश्यप,राजेश कश्यप,हरि सिंह गुर्जर,मानिक दास महंत महामाया,प्रदीप कश्यप, केशव कश्यप, तूहीराम कश्यप, विमला देवी, हरि कश्यप, गुलाबो देवी, हरिओम शास्त्री आचार्य, करन अल्ले निषाद, पिंकी, मिथलेश,सुनीता आशा सहयोगिनी लक्ष्मी मांझी, मोहित, रोहित, पदम सिंह राना, अमित गुप्ता, हरि सिंह निषाद,जानकी देवी, हरिओम निषाद, तोताराम निषाद, लच्छी राम, प्रभुदयाल, राजू निषाद ऊर्फ पूता, मुरारी निषाद, जीवा राम, रासेवक, करन अल्ले,शुभम, अजय, सीताराम,सागर कश्यप आदि लोग उपस्थित थे।

## 04.24 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ मुल्जिमा श्रीमती श्यामा देवी को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

**पुलिस उपा**युक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा (आई.पी.एस.) ने बताया कि श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय जयपुर आयुक्तालय श्री सचिन मित्तल के द्वारा जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत नशा करने व बेचने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही एवं धरपकड करने हेतु समस्त जिला जयपुर उत्तर के थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था जिस संबंध में उक्त अभियान के दौरान श्री नीरज पाठक अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन, श्री आदित्य पूनियां सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन एवं श्री धर्म सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में थाना गलतागेट जयपुर उत्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा इलाका थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत निगरानी एवं आसूचना संकलन के दौरान श्री प्रदीप सिंह हैड कानि 1229 को अवैध मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित विश्वसनीय आसूचना प्राप्त हुई। जिस पर गणेशपुरी कट शौचालय के पास दिल्ली बाईपास रोड़ जयपुर में गठित टीम द्वारा मौके पर जाकर दिनांक 05-01-2026 को मुल्जिमा श्यामा देवी पत्नी श्री विजय कुमार जाति सांसी (राजनट) उम्र 57 साल निवासी गणेश पुरी कच्ची बस्ती दिल्ली बाईपास रोड़ पुलिस थाना गलतागेट जयपुर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल वजन 04.24 ग्राम को जप्त किया जाकर मुल्जिमा को गिरफ्तार किया गया। मुल्जिमा से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के प्राप्ति स्त्रोत से संबंधित अग्रिम अनुसंधान गहनतापूर्वक किया जा रहा है।

## खिलाड़ी उत्कर्ष प्रदर्शन कर अपनी बटालियन का नाम रोशन करें-श्रीनिधि बीटी, 45वीं अंतर बटालियन रेंज द्वितीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर(धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 6 जनवरी।**

45वीं अंतर बटालियन रेंज द्वितीय खेलकूद प्रतियोगिता छठी बटालियन आरएसी ग्राउंड पर आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी बटालियन का नाम



रोशन करें और खेल के दौरान खेल भावना का परिचय दें। उन्होंने कहा कि हार जीत खेल के पहलू होते हैं। हार जीत को परे रखते हुए अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें। इस अवसर पर कमांडेंट विकास सांगवान ने कहा कि धौलपुर आरएसी में 45वीं प्रतियोगिता में राजस्थान की जो बटालियन ने भागीदारी निभाई है। जिसमें महिला पुरुष वर्ग में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया। समारोह में डिप्टी कमांडेंट सुरेश शुक्ला ने अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। आयोजन के दौरान सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र कोली, डॉ पीसी पाठक चोब सिंह, हरिमोहन शर्मा, अजय बघेल, मोहम्मद जाकिर हुसैन, अल्का विश्नोई, रश्मि राव, रवि मोहन त्रिवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे। आतिशबाजी के बीच हुआ उद्घाटन समारोह गुब्बारे उड़ाकर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। 9 जनवरी तक प्रतियोगिता का अयोजन किया जाएगा। 7 जनवरी को 29 खेलकूद प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन। शुभारंभ के दौरान 100 मीटर महिला दौड़ में प्रथम स्थान पर मनीषा, द्वितीय पर सुमन व तृतीय स्थान पर किर्ति को पुष्प गुच्छ एवं स्वर्ण, रजत व कांस्य के मेडल प्रदान किए। सभी टीमों द्वारा आरएसी बैंड पर मार्च पास्ट किया।

## चाय की दुकान की आड़ में मादक पदार्थों का कारोबार, एक गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी, 06 जनवरी।** खोरीबाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा के गोंडोगोल जोत इलाके में सोमवार रात एक कुख्यात मादक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान नीलकंठ बर्मन के रूप में हुई है, जो पानीटंकी के गोंडोगोल जोत का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नीलकंठ बर्मन को पहले भी चाय की दुकान की आड़ में मादक पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जेल से छूटने के महज छह महीने के भीतर ही उसने फिर से नशे का अवैध कारोबार शुरू कर दिया। मिली सूचना के आधार पर खोरीबाड़ी थाने की पुलिस ने उसके घर पर बीती रात छापा मारा। तलाशी के



दौरान बॉक्स पलंग के अंदर से 101 ग्राम ब्राउन शुगर और 13 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की गई। जब्त किए गए मादक पदार्थों की बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपित राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित अपनी चाय की दुकान के जरिए खुलेआम नशे का कारोबार चला रहा था। दार्जिलिंग जिला पुलिस के निर्देश पर जिले को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही थी, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आज यानी मंगलवार सिलीगुड़ी महकमा अदालत में पेश करेगी।

## थाना गलतागेट क्षेत्र से मोटर साईकिल चोरी करने वाला शातिर चोर फरीद नकवी को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

**परिवादी श्री निहाल** चन्द पुत्र श्री रामसहाय जाति हरिजन उम्र 45 वर्ष निवासी 27450 बाबु का टीबा हरीजन बस्ती चौकडी तोफखाना हुजूरी रामगंज बाजार थाना रामगंज जिला जयपुर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरा बेटा कुलदीप राणावत दिनांक 30/12/2025 को शाम लगभग 7-20 पीएम पर मोटर साईकिल फ्ख14ल3904 से दिल्ली बाईपास रोड स्थित खोले के हुनमान जी के दर्शन करने गया था तथा उसने मोटर साईकिल को पार्किंग में खडी करके लॉक कर दिया था। दर्शन करके जब वह वापस लगभग 8 बजे मोटर साईकिल के पास आया तो उसे मोटर साईकिल जहा उसने पार्किंग की थी वहा पर नहीं मिली तो मैने व कुलदीप ने आस पास एरिया तथा आस पास की कॉलोनी में भी काफी तलाश किया। मेरी मोटर



साईकिल कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया है। मैंने 100 नम्बर पुलिस कट्रोल रूम मे भी फोन करके रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। गाडी नम्बर फ्ख14ल3904 मॉडल व रंग हीरो मॉटोकॉप कम्पनी की स्पलेण्डर प्लस, ब्लेक मे ग्रे ग्राफिक्स चैचिस नम्बर टइछलअफ081ख4ऋ03382 इंजन नम्बर लअ10अऋख4ऋ06882 है। जिस पर थाना गलतागेट पर अभियोग संख्या 01/2026 धारा 303 (2) इठर दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा आईपीएस के निदेर्शानुसार माल की बरामदगी एवं मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी बाबत श्री नीरज पाठक अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन में एवं श्री आदित्य पूनियां सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन में श्री धर्म सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। माल की बरामदगी एवं मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर श्री धर्म सिंह पुलिस निरीक्षक द्वारा घटना की गंम्भीरता को देखते हुये चोरी का खुलासा करने व मुल्जिम की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गठित टीम द्वारा अथक प्रयासों से मुल्जिम को गिरफ्तार करने व चोरी के माल की बरामदगी करने में सफलता हासिल की है। गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास की सीसीटीवी फुटेज चैक कि गई जिसमें दिनांक 30-12-2025 की शाम को खोले हनुमान जी पार्किंग से अज्ञात चोर मोटर साईकिल चोरी करता हुया दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर दस्तयाब किया जाकर मुल्जिम फरीद नकवी के कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल बरामद की जाकर मुल्जिम को गिरफ्तार किया गया। मुल्जिमान नशा करने के आदि है जो नशे की लत को पुरा करने के लिये चोरी करता है।

## वरिष्ठ नागरिकों व चालकों के साथ की समझाइए

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया )6 जनवरी।**

जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर व यातायात पुलिस के द्वारा मनाया जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पांचवें दिन एकीकृत पार्क में वरिष्ठ नागरिकों के साथ यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह द्वारा यातायात नियमों की पालना को लेकर समझाइए की गई और उनसे आग्रह किया गया कि वह अपने बच्चों को बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलने दे और जब तक बच्चे की आयु 18 वर्ष की ना हो उसे वाहन ना दें।




परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने सदर थाना चौराहे पर वाहन चालकों के साथ समझाइश अभियान चलाया गया। उन्होंने 108 एंबुलेंस चालकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों की जान बचाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है यह धन्यवाद के पात्र हैं हमें सदैव घायलों को चिकित्सालय पहुंचकर उनकी मदद करनी चाहिए और मानवता से बढ़कर कोई कोई कार्य नहीं होता।

उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई और कहा कि वे नियमों को अपने जीवन में धारण करें और दूसरों को नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें।

## हिंगलगंज में धमकी भरे पोस्टर से सनसनी, भाजपा नेता को सिर काटने की चेतावनी

**उत्तर 24 परगना,** 06 जनवरी। उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज के दुलदुली इलाके में कई स्थानों पर मंगलवार को धमकी भरे पोस्टर नजर आए। पोस्टरों में भाजपा नेता तरुण मंडल के खिलाफ गंभीर धमकी दी गई है। पोस्टरों में लिखा था कि ह्णभाजपा नेता तरुण मंडल का सिर काटा जाएगा, भाजपा नेता सावधान रहें।ह्व इसके साथ ही पोस्टरों में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि शुभेंदु अधिकारी या अन्य राज्यस्तरीय भाजपा नेता जनसभा करते हैं, तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। पोस्टर सामने आते ही पूरे हिंगलगंज इलाके में अटकलों और चचाओं का दौर शुरू हो गया। हालांकि, जिनके खिलाफ यह धमकी दी गई है, उस भाजपा नेता तरुण मंडल ने कहा कि वह इन पोस्टरों से बिल्कुल भी विचलित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंगलगंज में तृणमूल कांग्रेस की जमीन खिसक चुकी है, इसी वजह से वह इस तरह की गंदी राजनीति कर रही है। तरुण मंडल ने यह भी दावा किया कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में हिंगलगंज में तृणमूल की हार तय है, इसलिए डर फैलाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इलाके के तृणमूल नेता तुषार



मंडल ने कहा कि जिन इलाकों में ये पोस्टर लगाए गए हैं, वहां भाजपा को मुश्किल से दो-चार वोट ही मिलते हैं और वहां भाजपा का कोई संगठन मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ये पोस्टर किसने लगाए हैं, लेकिन इस घटना के जरिए तृणमूल की छवि खराब करने की साजिश की जा रही है।

फिलहाल पोस्टर किसने लगाए, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं हो पाई है।

## गंगासागर दौरा पूरा कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर से कोलकाता लौटीं

**कोलकाता, 06 जनवरी।** गंगासागर मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को अपना गंगासागर का सफर पूरा कर हेलिकॉप्टर से कोलकाता वापस लौट आईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मेले से जुड़ी सुरक्षा, परिवहन और प्रशासनिक इंतजामों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले गंगासागर क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोलकाता से गंगासागर तक श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गंगासागर मेले में आने वाले तीर्थयात्रियों, पुण्यार्थियों और ड्यूटी पर तैनात पत्रकारों को पांच लाख रुपये के बीमा कवर के तहत शामिल किया गया है। यह बीमा सुविधा 7 जनवरी से 19 जनवरी तक प्रभावी रहेगी।

उन्होंने कहा कि गंगासागर द्वीप क्षेत्र जल और जंगल से घिरा होने के कारण वहां जंगली जानवरों और जलमार्ग से जुड़ी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

## चाईनिंज मांझा बेचने वाला आकिब खान उर्फ काणा को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा (आई.पी.एस.) ने बताया कि राजस्थान सरकार गृह (ग्रुप-9) विभाग के आदेश क्रमांक- प.35 (1) गृह-9/2020 दिनांक 18/12/2025 में विज्ञापित आदेश के अनुसार आमजन को यह आदेशित किया गया था की जनहानि कारित करने वाले मांझे का प्रयोग से जनजीवन प्रभावित होते है। जिसके सम्बंध में निषेधाज्ञा आदेश धारा 163 इठरर जारी कर सचेत किया गया था। उक्त आदेश की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही एवं धरपकड करने हेतु समस्त जिला जयपुर उत्तर के थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया था जिस संबंध में उक्त अभियान के दौरान श्री नीरज पाठक अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन, श्री आदित्य पूनियां सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन एवं श्री धर्म सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में थाना गलतागेट जयपुर उत्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा इलाका थाना क्षेत्र में विज्ञापित आदेश की अवहेलना करने वाले एवं प्लास्टिक युक्त व खतरनाक तरीके से बने मांझे की डोरी के प्रयोग से मानव जीवन एवं पशु पक्षी के जीवन को संकट उत्पन्न करने वालो पर निगरानी रखी जाकर शख्श आकिब खान उर्फ काणा पुत्र मोहम्मद शफीक जाति मुसलमान उम्र 23 साल निवासी म.न 634 मोहल्ला इमाम चौक, बास बदनपुरा, चारदर वाजा बाहर थाना गलतागेट जयपुर को धारा 125, 223(ए) इठर में गिरफ्तार करते हुये मुल्जिम के कब्जे से मिले चाईनिज मांझे के कुल 05 गट्टो को जप्त किया गया है।

# हैवानियत की पराकाष्ठा :(कुतिया) को डंडों से पीट पीटकर बेरहमी से हत्या

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार**
**पत्रकार.. राकेश कोठेनिया**

भरतपुर ...जिले के गांव जघिना से पशु क्रूरता की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के चार थोक क्षेत्र में कथित तौर पर कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर में चामड मंदिर के समीप कुछ दिन पहले ही बच्चों (पिल्लों) को जन्म देने वाली एक बेजुबान मादा श्वान (कुतिया) को डंडों से पीट पीटकर बेरहमी से मारकर अमानवीयता की सारी हदें पार कर डाली गई। घटित



हुई जब दशरथ जाटव पुत्र राम खिलाड़ी एवं दो अन्य युवकों द्वारा डंडों से पीट पीटकर एक मादा श्वान पर जानलेवा हमला कर दिया गया। भीषण शीतलहर के बीच जहाँ इंसान और जानवर दोनों आश्रय ढूंढ रहे हैं, वहीं इन हैवानों द्वारा डंडों एवं पत्थरों से मादा श्वान पर तब तक प्रहार किए जब तक कि उसकी जान नहीं निकल गई। पशु प्रेमियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेजुबान मादा श्वान ने कुछ दिन पहले ही बच्चों को जन्म दिया है लेकिन अब इन हैवानों की वजह से मादा श्वान को मार डालने की वजह से उन बच्चों के जीवन पर संकट गहरा गया है।

गांव में पड़ रही कड़ाके की ठंड में अब कौन इन बच्चों को दूध पिलाएगा और उनका ध्यान रखेगा। हैवानों द्वारा की गई अमानवीय क्रूरता से आक्रोशित हुए स्थानीय लोगो का कहना है कि जहां "एक तरफ हम भीषण ठंड में बेजुबानों की मदद की बात करते हैं,

## उमराह (धार्मिक तीर्थ यात्रा पर भेजने के नाम पर लोगो से धोखाधडी कर फर्जी टिकट देकर रूपयो ठगी करने वाले को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

श्री करन शर्मा पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि दिनांक 02.01.2026 को परिवादी श्री शाहनवाज पुत्र श्री इकबाल बैग निवासी म.न. 1058 मौहल्ला हिरन वालान तोपखाना हजूरी रामगंज जयपुर व अन्य 8-9 व्यक्तियों ने थाने पर दर्ज करवाया कि मोईन एंव मुब्बशीर पुत्र जुबेर अहमद निवासी ख्वास जी का रास्ता ने स्वयं को एक अधिकृत ट्रेवल्स एजेन्ट /टिकट बुकिंग सेवा प्रदाता बता कर धार्मिक तीर्थ यात्रा पर जाने वाले मुस्लिम समुदाय के कई निर्दोष व्यक्तियों को उमराह (धार्मिक तीर्थ यात्रा) पर जाने कि हवाई टिकट बुक कराने का झांसा देकर नकद, बैक ट्रांसफर / ऑनलाइन के माध्यम से बडी धनराशि प्राप्त कर पीडितो को उमराह (धार्मिक तीर्थ यात्रा) पर जाने कि फर्जी हवाई टिकट देकर धोखाधडी की है। जिस पर मुकदमा न. 05/2026 धारा 316(2), 318(2), 336(2), 338. 61 (2) बीएनएस में दर्ज कर तफतीश की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये श्री नीरज पाठक अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर प्रथम के निर्देशन व श्री पीयूष कविया आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त, माणकचौक जयपुर उत्तर के सुपरविजन में थानाधिकारी कृष्ण कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में श्री सतीश चन्द उ.नि., श्री दुलीचन्द हैड कानि. 736, श्री कुलदीप सिंह कानि. 7484, श्री श्रवण कुमार कानि. 10596 एंव श्री राहुल कुमार कानि. 8281 की टीम गठित की जाकर मुल्जिम मोईनुद्दीन जुबैर भाटी पुत्र श्री जुबैर अहमद जाति मुसलमान उम्र 28 साल निवासी म.न. 1589 दुसरा चौराहा ख्वास जी का रास्ता हवामहल रोड थाना सुभाषचौक जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण हाजा में अनुसंधान जारी है।

# दोस्त को फोन कर कहा 'जा रही हूं, 'गुड बाय', पटना के हॉस्टल में छात्रा ने समाप्त कर ली अपनी जिंदगी




**पटना।** राजधानी पटना में जहां एक छात्रा ने अपने हॉस्टल के कमरे में आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मृतिका के परिजन पहुँचने के बाद हॉस्टल में हंगामा करने लगे। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका छात्रा थी जो राजधानी पटना के एग्जिबिशन रोड स्थित एक हॉस्टल में रह कर पढाई करती थी। बताया जा रहा है कि मृतिका मंगलवार को अपने हॉस्टल में कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि छात्रा के इस कदम के बाद दो युवक अपने आप को मृतिका का दोस्त बताते हुए हॉस्टल में पहुंचे और पुलिस के आने से पहले ही फंदे से उतार लिया था जिसे पुलिस ने अब हिरासत में ले लिया है। वहीं मामले में मृतिका के परिजनों ने हॉस्टल प्रबंधन पर कई आरोप लगाया और कहा कि आखिर दो युवक हॉस्टल के कमरे में कैसे घुस गए। मामले में हॉस्टल की वार्डन ने बताया कि हॉस्टल की कुछ लड़कियों ने बताया कि मृतिका अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। हमलोगों ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने की कोशिश की लेकिन जब नहीं खुला तो फिर हमलोगों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर वह लटकी हुई थी। वहीं हॉस्टल में दो युवकों के आने के सवाल पर वार्डन ने कहा कि दोनों युवक आये और कहा कि उसने मुझे कॉल कर कहा कि मैं जा रही हूं, 'गुड बाय'। दोनों अपने आप को उसका दोस्त बता रहे थे इसलिए उन्हें अंदर आने दिया गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दोनों युवकों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल छात्रा के आत्महत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है जिसके आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। मृतका के परिजनों ने कहा कि मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे के आसपास उनकी अपनी बेटी से बातचीत हुई थी और उस वक्त तक सब कुछ नॉर्मल था फिर अचानक सूचना मिली कि बेटी ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया वहीं उन्होंने हॉस्टल प्रबंधन पर भी बड़े सवाल उठाये।

## आईआरसीटीसी घोटाला मामले में तेजस्वी की याचिका पर कोर्ट ने सीबीआई से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में अब सीबीआइ को नोटिस दे कर जवाब माँगा है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है जबकि अगली सुनवाई की तारीख 14 जनवरी तय की है। कोर्ट में इसी दिन लालू यादव की याचिका पर भी सुनवाई होगी ।दरअसल मंगलवार को आईआरसीटीसी घोटाला मामले में तेजस्वी यादव ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है जिसमें उनके खिलाफ आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप तय किये गए हैं। याचिका में आरोप तय करने के आदेश को गलत बताते हुए तेजस्वी ने मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। अब कोर्ट ने सीबीआई से सभी बिन्दुओं पर जवाब माँगा है ।बता दें कि इससे पहले 13 अक्टूबर 2025 को अदालत ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। अदालत ने माना था कि लोक सेवक स्वर पद का दुरूपयोग कर निजी लाभ पहुँचाने और आपराधिक कदाचार से जुड़ा मामला है। इसके तहत कोर्ट ने मुकदमा चलने का आदेश जारी किया था। मामले में बता दें कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए आईआरसीटीसी होटल के टेंडर में निजी फायदे को लेकर कई तरह की अनियमितता बरती गई थी। इस मामले में लालू यादव के अलावा प्रदीप कुमार गोयल, राकेश सक्सेना, भूपेंद्र कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार गोगिया और विनोद कुमार अस्थाना के खिलाफ तहत आरोप तय किये हैं। मामला भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आईआरसीटीसी के दो होटलों के संचालन से जुड़ा है। आरोप है कि रेलवे मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में इन होटलों का संचालन एक निजी कंपनी को नियमों के विपरीत सौंपा गया, जिससे कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। सीबीआई का दावा है कि इसमें आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार के तत्व मौजूद हैं। अदालत ने बताया था कि यह मामला लोक सेवक द्वारा किये गये आपराधिक कदाचार से जुड़ा है.साथ ही लोक सेवक द्वारा पद का गलत इस्तेमाल कर किसी को फायदा पहुंचाने से संबंधित है।

## भाजपा नेता संजू साह का भाई हथियार के साथ हुआ गिरफ्तार,

**खुलेआम हथियार लहराते हुए वीडियो हुआ था वायरल**

**गयाजी।** एक तरफ बिहार में सत्ताधारी दल भाजपा के नेता और मंत्री अपराधी और माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की बात करते हैं तो दूसरी तरफ गया जी से एक सनसनीखेज मामला समाने आया है जहां भाजपा नेता संजू साह के भाई का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह हथियार लेकर लोगों को डराते हुए दिख रहे हैं। हालांकि वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने भाजपा नेता के भाई को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से अवैध पिस्टल भी बरामद किया है। वीडियो सामने आने के बाद लोग अब कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाने लगे हैं। बताया जा रहा है कि गयाजी कोतवाली थाना क्षेत्र के एक व्यस्त इलाके में किसी बात पर भाजपा नेता संजू साह का भाई बिगुल साह खुलेआम पिस्टल तान कर लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और फिर आरोपी बिगुल साह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पुलिस ने बिगुल सह के पास से एक पिस्टल भी बरामद किया है जो अवैध है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार भाजपा नेता के भाई से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हथियार कहां से आया और किस उद्देश्य से वह लेकर घूम रहे थे। इसके साथ ही उनके अन्य सहयोगियों की भी पहचान की जा रही हिया। फिलहाल पुलिस ने उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## देवी मंदिर में तोड़फोड़, शिवलिंग क्षतिग्रस्त

**राष्ट्रीय शान**

**गुरारू (गयाजी )।** गुरारू थाना क्षेत्र के घेटरा टोला, दशरथ बीघा गांव स्थित देवी मंदिर में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। घटना 3 जनवरी 2026 की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव की महिलाएं जब उत्तर देवी माता मंदिर में शिवचर्चा करने पहुंचीं तो मंदिर परिसर में देवी माता के बने पिंड को ईंट से तोड़कर क्षतिग्रस्त किया गया था। वहीं मंदिर के बाहर स्थापित छोटा शिवलिंग भी तोड़ा हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण अवधेश कुमार, महेश यादव, अनिल पासवान, महेंद्र माली व चंद्रेश कुमार सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान मंदिर के अंदर बने सात पिंडों में से दो पिंड तथा बाहर स्थित महादेव शिवलिंग को क्षतिग्रस्त पाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना रात के समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। कारु पासवान ने गुरारू थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामला दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।


## दिलीप हत्याकांड के मामले में पुलिस ने दो नामजद अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बारुण थाना क्षेत्र के सिन्दुरिया गांव में हुए दिलीप सिंह हत्याकांड के मामले में पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। मृतक के पिता रमेश सिंह के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी करते हुए तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के केशव मोड़ से दो नामजद अभियुक्तों तौफीक रजा और तौहीद रजा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि , इस मामले में एक अन्य नामजद अभियुक्त अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।


# केवीएम क्लासेस की छात्रा आकांक्षा कुमारी ने सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया



**गोह (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार द्वारा जेइइ/ नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए आयोजित फ्री रेसिडेंशियल प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा में गोह निवासी संतोष साव की पुत्री आकांक्षा कुमारी ने सफलता हासिल कर इतिहास रच दिया। इस प्रवेश परीक्षा में पूरे बिहार से 50 बच्चों को चयन किया जाता है और बच्चों को इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग और रहने की व्यवस्था पटना में बिहार सरकार के द्वारा दी जाती हैं

इस प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा का आयोजन पूरे बिहार में 21 दिसंबर को पटना में बापू परीक्षा परिसर में आयोजित की गई थी जिसमें लगभग 21 000 बच्चों ने भाग लिया था।

गरीब मेधावी छात्रों के लिए बिहार सरकार का यह प्रयास सराहनीय है।

बिहार सरकार के तरफ से यह प्रवेश परीक्षा 2023 में शुरू की गई थी और प्रत्येक वर्ष इस कोचिंग के छात्र इस प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल करते हैं।

सामाजिक एवं राजनीति के दल के नेताओं ने छात्र के चयन पर खुशी व्यक्ति है साथ ही

केवीएम क्लासेस के निदेशक कुंदन सर और राहुल सर आकांक्षा कुमारी को इस सफलता पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

# हाजीपुर में इंसानियत हुआ शर्मसार, कलियुगी मां ने कूड़े के ढेर पर फेंका नवजात का शव



**वैशाली।** वैशाली से इंसानियत को झकझोड़ने वाली एक खबर सामने आई है जहां कूड़े के ढेर से एक नवजात का शव बरामद हुआ। मामले की जानकारी के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई वहीं लोग अलग अलग बातें कर रहे थे। बताया जा रहा है कि किसी निजी नर्सिंग होम में किसी ने अवैध तरीके से गर्भपात करवा कर शव कूड़े के ढेर पर फेंक दिया जिसे कुत्ते नोच रहे थे। घटना हाजीपुर के सदर अस्पताल रोड की है जहां कूड़े के ढेर से एक नवजात का शव बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों ने उस मां पर भी सवाल उठाये जिसने इस कुकृत्य को अंजाम दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के करीब दो घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची जिसके बाद नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने शव हटाया। हालांकि अब लोगों में चर्चा का विषय है कि आखिर किस कलियुगी मां ने इस तरह अपने बच्चे को 5 महीने तक गर्भ में रखने के बाद इस तरह से कूड़े के ढेर पर फेंक दी वहीं कानून की धज्जी उड़ाने वाले नर्सिंग होम पर भी सवाल उठ रहे हैं। मामले में मौके पर स्थित एक चाय दुकानदार ने बताया कि सुबह के समय एक महिला प्रतिदिन कचरा फेंकने आती है। उसने आशंका जताई कि उसी महिला ने नवजात के शव को कचरे के ढेर पर फेंका होगा जिसे कुत्तों ने नोचना शुरू कर दिया। हालांकि अब यह जांच का विषय है। बताया जा रहा है कि जब तक लोगों की नजर पड़ी तब तक कुत्ते शव का एक पैर नोच कर खा गए।

# धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क की बैठक आयोजित

## सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी धान क्रय कार्य में लाएं अपेक्षित तेजी




**औरंगाबाद।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2025झ26 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य धान अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षा करना, किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना तथा अधिप्राप्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा पैक्सवार किसानों से अधिप्राप्त धान की मात्रा, मिलिंग की स्थिति तथा किसानों को किए जा रहे भुगतान की अद्यतन समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया कि सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय निगरानी रखते हुए धान क्रय कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र किसानों से धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित की जा सके और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न समीक्षा के क्रम में मिल टैगिंग की प्रक्रिया पर विशेष बल देते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा रूट ऑप्टिमाइजेशन के आधार पर मिलों की क्षमता के अनुरूप चयनित पैक्सों को पुनः सम्बद्ध करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मिलिंग क्षमता के अनुरूप टैगिंग होने से परिवहन, भंडारण एवं मिलिंग की प्रक्रिया में सुगमता आएगी तथा अधिप्राप्ति लक्ष्य की समय पर पूर्ति संभव हो सकेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद को निर्देशित किया गया कि एफआरके हेतु धान की आपूर्ति में किसी प्रकार की देरी न हो तथा आवश्यकतानुसार शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

इसके अतिरिक्त जो पैक्स डीआर में चिन्हित हैं, उन्हें निकटवर्ती क्रियाशील पैक्स से सम्बद्ध कर अधिप्राप्ति कार्य कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी क्षेत्र में धान अधिप्राप्ति बाधित न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद, सहकारिता विभाग से संबंधित जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष सहित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दिलीप हत्याकांड के मामले में पुलिस ने दो नामजद अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बारुण थाना क्षेत्र के सिन्दुरिया गांव में हुए दिलीप सिंह हत्याकांड के मामले में पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। मृतक के पिता रमेश सिंह के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी करते हुए तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के केशव मोड़ से दो नामजद अभियुक्तों तौफीक रजा और तौहीद रजा को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार दोनों अभियुक्त वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि , इस मामले में एक अन्य नामजद अभियुक्त अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वही बता दे कि आरोपियों का सिन्दुरिया गांव में ही मृतक के घर से कुछ ही दूरी पर टायर पंक्चर की दुकान थी। इसी कड़ी को जोड़कर पुलिस हत्या के कारणों और घटनाक्रम की गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से जेल भेज दिया है।

## टिकारी एसडीओ का कोंच में लगा जनता



## दरबार, दर्जन भर भूमि विवादों का सुनवाई

**कोंच (गयाजी)।** टिकारी अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने मंगलवार को कोंच प्रखंड के ई-किसान सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया ।इस दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जे और जमीन के सीमांकन से जुड़े बारह से अधिक आवेदनों पर सुनवाई हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कई पुराने और लंबित भूमि विवादों का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने अंचल अधिकारी मुकेश कुमार को शेष मामलों की त्वरित जांच के निर्देश दिए। एसडीओ ने सभी कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने-अपने पंचायत के भूमि संबंधी मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करें, अन्यथा अगली सुनवाई में कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने सीओ और सभी कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे भूमि संबंधी विवादों में पारदर्शिता बरतें, ताकि आम जनता को अनावश्यक अदालती चक्कर न लगाने पड़ें। इस जनता दरबार में कोंच के प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज और अंचल अधिकारी मुकेश कुमार के साथ-साथ राजस्व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## पारिवारिक कलह से तंग युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**राष्ट्रीय शान**

**कोंच( गयाजी )।** थाना क्षेत्र के केरकी रेलवे गुमटी के पास ग्राम अलीगंज निवासी सहदेव यादव के पुत्र अजय कुमार (उम्र लगभग 25 वर्ष) ने पारिवारिक कलह से तंग आकर मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव को अपने घर ले गए। बताया जाता है कि मृतक अजय कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो छोटे पुत्र हैं, जिनमें एक की उम्र 6 वर्ष तथा दूसरे की उम्र 2 वर्ष बताई गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। घटना पर सामाजिक कार्यकर्ता उदय यादव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है और समाज को पारिवारिक तनाव को समझने व समाधान की दिशा में गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है।

## मकर संक्रांति पर आयोजित भोज में तेज प्रताप सीएम, डिप्टी सीएम को भी करेंगे आमंत्रित

**भाई तेजस्वी के नाम पर आमंत्रण जाएगा**

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे एवं जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव चुनाव में भले हार गये लेकिन अभी वे राजनीति में बने हुए हैं। तेज प्रताप यादव समय समय पर अपनी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होते रहते हैं। अब हाल ही में उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर दही-चुरा का भोड़ करने की घोषणा की है। इस संबंध में तेज प्रताप यादव ने यह भी बताया कि वे किन किन लोगों को न्योता देंगे।

मीडिया से बात करते हुए तेज प्रताप यादव ने बताया कि वे दही चुरा के भोज में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को न्योता देंगे। इसके साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े लोगों को भी वे अपने दही चुरा के भोज में निमंत्रण देंगे। भाई तेजस्वी यादव को निमंत्रण देने के सवाल पर तेज प्रताप ने कहा कि वे अपने भाई तेजस्वी यादव को भी निमंत्रण देंगे। तेज प्रताप ने बताया कि हिंदू कैलंडर के अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है। ऐसे में जनशक्ति जनता दल की तरफ से दही चुरा का भोज किया जायेगा। इस अवसर पर परंपरागत रूप से गुड़, तिलकुट, चुरा और दही लोगों को खिलाया जायेगा। बता दें कि हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर दही चुरा के भोज के दौरान कुछ न कुछ राजनीतिक घटनाक्रम होती हैं जो एक महत्वपूर्ण घटना बन जाती है। ऐसे में अब तेज प्रताप यादव के द्वारा भोज और सभी दलों के प्रमुख नेताओं को निमंत्रण देने की बात के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि बिहार में राजनीतिक तस्वीर कुछ अलग दिख सकती है। हालांकि यह देखने वाली बात है कि तेज प्रताप यादव के निमंत्रण पर कौन आते हैं और कौन नहीं।

# शिक्षा विभाग से हटाये गए आउटसोर्सिंग कर्मी पहुंचे भाजपा ऑफिस

## हमारी बस हम लोगों से नौकरी वापस ली गई

**राष्ट्रीय शान**

**पटना।**बिहार में नई सरकार के गठन के बाद नौकरी और रोजगार दिए जाने की बातें सरकार में बैठे लोगों के द्वारा लगातार किया जा रहा है। इस बीच मंगलवार को शिक्षा विभाग में कॉन्ट्रैक्ट पर बहाली कर हटाये गए कर्मी राजधानी पटना में स्थित भाजपा कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार एक तरफ नौकरी देने की बात करती है और दूसरी तरफ हम लोगों की नौकरी वापस ले ली गई है। यह हमारे साथ अन्याय से कम नहीं है।

लोगों ने कहा कि बिहार सरकार और शिक्षा विभाग ने पहले नोटिफिकेशन जारी किया जिसके बाद बिहार के बाहर विभिन्न कंपनियों में नौकरी कर रहे तीन हजार लोगों ने बिहार में आ कर अप्लाई किया। उस दौरान क्अर स्तर के अधिकारियो ने सभी का इंटरव्यू लिया और 3 हजार में से मात्र 6 सौ लोगों को चयनित कर विभिन्न पदों पर उनका योगदान लिया गया। योगदान के वक्त हमलोगों को 5 वर्षों के लिए नियुक्त किया गया था लेकिन महज डेढ़ वर्षों में ही कहा गया कि आपलोगों की नियुक्ति फर्जी है और हटा दिया गया।

लोगों ने कहा कि एक तरफ सरकार नौकरी और रोजगार देने की बात करती है और दूसरी तरफ हमलोगों से रोजगार छीन ली गई है। हमलोग अपनी नियुक्ति के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं लेकिन हमें आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल रहा है। हमलोगों ने काफी पैसे खर्च कर बीटेक और एंबीए जैसी पढाई की, फिर अपने राज्य में नौकरी करने के लिए दूसरे राज्यों से नौकरी छोड़ कर आये और यहां हमें सरकारी महकमे के द्वारा ही छला गया है। अगर सरकार हमें वापस से नियुक्त नहीं करती है तो हमलोग भटकने के लिए मजबूर हैं। वहीं भाजपा कायालर्य पहुँचने के मामले में लोगों ने कहा कि और कहां जायेंगे हमलोग। हमलोग मंत्री और अधिकारियों के चक्कर लगा कर अब थक गए ह

# अरबी-फारसी शोध संस्थान के अवलोकन के दौरान कलेक्टर एवं सेवानिवृत्त जज के सामने आई चिंताजनक स्थिति, 46 में से 34 पद खाली, शोध संस्थान में नही है शोध अधिकारी

**अनसारुल हक` टोंक**
**राजस्थान** के टोंक जिले में स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी-फारसी शोध संस्थान (MAAPRI) एक विश्व प्रसिद्ध संस्थान है, जो हजारों दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों, प्राचीन पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों का संग्रह रखता है। यहां दुनिया की सबसे बड़ी हस्तलिखित कुरआन की प्रति भी संरक्षित है, जो 50 से अधिक देशों के शोधकताओं को आकर्षित करती है।
हालांकि, संस्थान लंबे समय से गंभीर स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। टोंक की कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और रिटायर्ड जज अय्यूब खान ने संस्थान का दौरा किया। इस दौरान टोंक प्रोग्रेसिव कमेटी के पदाधिकारियों और रिटायर्ड स्टाफ ने उन्हें अवगत कराया कि संस्थान में 46 स्वीकृत पदों में से 34 पद लंबे समय से खाली हैं। शोध अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद नहीं भरे गए हैं। इस वर्ष एकेडमिक स्टाफ पूरी तरह खत्म हो जाने का खतरा है, जिससे संरक्षण, शोध और डिजिटाइजेशन का कार्य ठप हो सकता है। यहां भर्ती नियम नहीं होने के कारण महत्वपूर्ण पदों पर 30 साल से भर्ती नहीं हो रही है। कलेक्टर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जबकि रिटायर्ड जज अय्यूब खान ने कानूनी और अन्य सहयोग का वादा किया। इस मौके पर लेखक एम.असलम की पुस्तक प्राचीन रहस्यों का जिला टोंक भी अतिथियों को भेंट की गई। साथ ही शोध संस्थान के उत्थान व महत्व को लेकर चर्चा की गई। वहां मौजूद मौलवीं सईद साहब ने



दुआएं खैर की। इस मौके पर टोंक प्रोग्रेसिव कमेटी के संयोजक एडवोकेट सरताज अहमद, सदर आदिल नदवी, आमिर फारूख, ओसाफ खान, सैयद बदर अहमद, अजमल देवपुरा, हुसैन कायमखानी आदि मौजूद रहे। कमेटी ने आगे सेमिनार आयोजित करने की भी योजना बनाई है।
संस्थान की यह स्थिति दुर्लभ धरोहर के संरक्षण को देखते हुए चिंताजनक है, और उम्मीद है कि अधिकारियों के आश्वासन से जल्द भर्तियां होंगी। यह संस्थान राजस्थान ही नहीं, पूरे देश की सांस्कृतिक धरोहर है। कमेटी ने इससे पूर्व
राजस्थान के टोंक में साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था तथा विश्व विख्यात मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी-फारसी शोध संस्थान बचाओं के लिए अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि यहां पर 30 साल से भर्ती नियम के अभाव में भर्तियां नहीं हुई है। यहां पर जब तक नए नियम नहीं बने, तब तक पुराने नियमों के आधार पर भर्ती की जाने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि टोंक प्रोग्रेसिव कमेटी एडवोकेट सरताज अहमद की सरपरस्ती और मुफ्ती आदिल नदवी की सदारत में गठित की गई है। इस का कमेटी का मुख्य उद्देश्यों में साहित्यकारों की तीर्थ स्थली के रूप में प्रसिद्ध मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी-फारसी शोध संस्थान को बंद होने से बचाना है। इस संबंध में ही उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में शोध संस्थान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उसे राज्य का गौरव एवं देश की शान बताते हुए उसको बचाने की मांग की गई। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह संस्थान देश की शान और राजस्थान का गौरव माना जाता है। यहां दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों, प्राचीन पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों का अनमोल खजाना संरक्षित है, जिसे देखने और शोध करने के लिए देश-विदेश से विद्वान और शोधार्थी आते हैं।
हालांकि, वर्तमान में रिक्त पदों और अन्य चुनौतियों के कारण संस्थान बंद होने के कगार पर पहुंच गया है। यदि ऐसा हुआ तो कला, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी। ज्ञापन देने वालों में सरताज अहमद, मुफ्ती आदिल नदवी, मोहम्मद हारून, अलमान खान, ओसाफ खान, आमिर फारूख, मोहसीन रशीद खान, अमजदुल्लाह खान, जफर रजा, अफरोज सरताज, हुसैन कायमखानी, अहसान बाबा, अब्दुल कवी खान कई लोग मौजूद रहे।

## ( हैवानियत की पराकाष्ठा ) बेजुबान मादा श्वान की हत्या

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.. राकेश कोठेनिया**
**भरतपुर** ...जिले के गांव जघीना से पशु क्रूरता की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के चार थोक क्षेत्र में कथित तौर पर कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर में चामड मंदिर के समीप कुछ दिन पहले ही बच्चों (पिल्लों) को जन्म देने वाली एक बेजुबान मादा श्वान (कुतिया) को डंडों से पीट पीटकर बेरहमी से मारकर अमानवीयता की सारी हदें पार कर डाली गई। घटित हुई जब दशरथ जाटव पुत्र राम खिलाड़ी एवं दो अन्य युवकों द्वारा डंडों से पीट पीटकर एक मादा श्वान पर जानलेवा हमला कर दिया गया। भीषण शीतलहर के बीच जहाँ इंसान और जानवर दोनों आश्रय ढूंढ रहे हैं, वहीं इन हैवानों द्वारा डंडों एवं पत्थरों से मादा श्वान पर तब तक प्रहार किए जब तक कि उसकी जान नहीं निकल गई। पशु प्रेमियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेजुबान मादा श्वान ने कुछ दिन पहले ही बच्चों को जन्म दिया है लेकिन अब इन हैवानों की वजह से मादा श्वान को मार डालने की वजह से उन बच्चों के जीवन पर संकट गहरा गया है। गांव में पड़ रही कड़ाके की ठंड में अब कौन इन बच्चों को दूध पिलाएगा और उनका ध्यान रखेगा। हैवानों द्वारा की गई अमानवीय क्रूरता से आक्रोशित हुए स्थानीय लोगो का कहना है कि जहां "एक तरफ हम भीषण ठंड में बेजुबानों की मदद की बात करते हैं।

## यूको बैंक शाखा खैरथल ने बैंक का 84 वा स्थापना दिवस मनाया



**खैरथल अमित शर्मा**
**खैरथल।** यूको बैंक शाखा खैरथल ने बैंक का 84 वा स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया, इस अवसर पर शाखा कर्मचारियों ने ग्राहकों को मिठाई खिलाकर, वृक्षारोपण, दिव्यांग बच्चों को गरम कंबल वितरित व परशुराम कॉलेज और कौशल्याम कॉलेज में वित्तीय साक्षरता के बारे में बताया।
इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक प्रदीप कुमार शर्मा ने ग्राहकों के साथ , कॉलेज के निदेशक, संजय खंडेलवाल और प्रभाकर शर्मा का भी आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर स्टाफ अंजना मीणा, आशीष मीणा, मुकेश भारद्वाज, दीपक प्रकाश, अरूण सिंह व घनश्याम सेठी, अनिल खंडेलवाल, देवेंद्र सेठी,मनोज, शक्ति सिंह, रोहिताश यादव, विक्रम शर्मा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट ( MMA ) एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रयागराज


**दर्पणन्यूज,धौलपुर(धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 6 नवम्बर**
लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट ( MMA ) एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा का धौलपुर में आगमन पर निषाद कश्यप समाज ने भव्य स्वागत किया।
इस मौके पर धौलपुर की जनता द्वारा अपने पलक पांवड़े बिछाकर फूलों की वर्षा करके भव्य एवं ऐतिहासिक अभिनंदन किया।
उल्लेखनीय है कि प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा ने लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में तजाकिस्तान की फाइटर वरफीना रहमतुलोज़िदा को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था।
धौलपुर पहुँचने पर समाज के द्वारा। उनके सम्मान में रैली निकाली गयी जो महात्मा नंद की बगीची से प्रारंभ करके पुराना शहर, हॉस्पिटल चौराहा, जगन सिनेमा, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी होते हुए श्री महामाया मंदिर पर पहुंची। मार्ग में जगह जगह रैली पर पुष्पवर्षा की गई। महामाया मंदिर पर भव्य कार्यक्रम में स्वागत समारोह में खुशबू निषाद, फतेहाबाद के पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा एवं खुशबू निषाद के पिता नंदा निषाद का साफा, माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## आयुर्वेद विभाग और एवं समेकित बाल विकाश विभाग के सयुक्त तत्वधान में स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता हेतु एक दिवशीय कार्यशाला का आयोजन



**सुरज वर्मा**
**भीलवाडा** ज़िले के बनेड़ा उपखण्ड क्षेत्र के प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय सरदार नगर डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास और उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ महाराज सिंह के निर्देश पर आयुर्वेद विभाग और एवं समेकित बाल विकाश विभाग के सयुक्त तत्वधान में स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता हेतु एक दिवशीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।आयुर्वेद नर्स माधुरी मीणा ने उपस्थित महिलाओं की हीमोग्लोबिन और शुगर सहित 70 जांच की।डॉ सरफराज अली खान ने बताया कि स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एक गंभीर बीमारी है।जो महिलाओं में जागरूकता के अभाव में मृत्यु का दूसरा बड़ा कारण है।लेकिन समय पर पहचान और रोकथाम (जांच और टीके) से इन्हें काफी हद तक रोका या ठीक किया जा सकता है।समेकित बाल विकाश विभाग महिला पर्यवेक्षक
सुमनलता सुखवाल ने उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग किया।एवं उपस्थित महिलाओं को अन्य महिलाओं को भी स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

## आज नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से भेंट की



**इस दौरान** राजस्थान की दो अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, उत्तरी जयपुर रिंग रोड (99.35 किमी) एवं जयपुर से अमृतसर तथा जामनगर कॉरिडोर (394 किमी) के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई।
साथ ही वर्षों से लम्बित भिवाड़ी में जल भराव की समस्या के समाधान पर भी विस्तृत चर्चा हुई।
इस अवसर पर माननीय केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी, राजस्थान के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत जी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का किया निरीक्षण

**जयपुर, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्तर पर इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाती है। इसी कड़ी में श्री शर्मा मंगलवार को शासन सचिवालय परिसर स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पहुंचे और परिवादियों से बात कर अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिए।
श्री शर्मा से जोधपुर जिले के ग्राम सुराणी निवासी श्री छगनलाल ने उनके गांव में विद्युत वोल्टेज की समस्या का जिक्र करते हुए ट्रांसफॉर्मर लगाने का निवेदन किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ट्रांसफार्मर लगा दिया है। साथ ही, विद्युत आपूर्ति भी शुरू हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने लॉन्च की राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी एवं राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम

**जयपुर, 06 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित ह्यराजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026ह्ण के उद्घाटन सत्र में नेशनल एआई लिटरेसी प्रोग्राम, राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी 2026, आईस्टार्ट लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, राजस्थान एवीजीसी-एक्सआर पोर्टल तथा राजस्थान एआई पोर्टल का शुभारंभ किया। इन पहलों के माध्यम से राज्य में एआई आधारित शिक्षा, स्टार्टअप्स, शोध, कौशल विकास और डिजिटल गवर्नेंस को नई गति मिलेगी तथा सूचना प्रौद्योगिकी के उभरते हुए क्षेत्रों में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि तकनीक का प्रभावी उपयोग ही भविष्य के विकास और नागरिकों को सशक्त बनाने का आधार है और राजस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नवाचार, निवेश और सुशासन का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी से बढ़ेगी ई-गवर्नेंस में एआई की भूमिका**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन में प्रभावी योगदान देते हुए राजस्थान को आईटी-आईटीईएस हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी-2026 लाई गई है। राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी-2026 सेवा प्रदायगी में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए ई-गवर्नेंस के विस्तार को सुनिश्चित करेगी। नीति का प्रमुख उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग का उत्तरदायी, नैतिक और सुरक्षित उपयोग करते हुए सार्वजनिक सेवा वितरण को अधिक त्वरित, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है। इससे प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी और नवाचार-आधारित आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का किया निरीक्षण



**जयपुर, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्तर पर इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाती है। इसी कड़ी में श्री शर्मा मंगलवार को शासन सचिवालय परिसर स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पहुंचे और परिवादियों से बात कर अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिए।
ी शर्मा से जोधपुर जिले के ग्राम सुराणी निवासी श्री छगनलाल ने उनके गांव में विद्युत वोल्टेज की समस्या का जिक्र करते हुए ट्रांसफॉर्मर लगाने का निवेदन किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ट्रांसफार्मर लगा दिया है। साथ ही, विद्युत आपूर्ति भी शुरू हो चुकी है।
करौली जिले के नादौती के ग्राम बरदाला निवासी श्री नवल किशोर शर्मा ने मुख्यमंत्री से हैंडपंप के संबंध में निवेदन किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को परिवाद के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। देर शाम तक परिवादी के नजदीकी स्थान पर पीएचईडी अभियंताओं ने हैंडपंप को दुरुस्त कर पुनः शुरू कर दिया।
आसींद, भीलवाड़ा के ग्राम बाराखेड़ा निवासी श्री विष्णु ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी में लंबित भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनकी समस्या को भारत सरकार के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।
इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, परिवादी की शिकायत पंजीकरण तथा फॉलो-अप प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन राज्य सरकार और आमजन के बीच संवाद का एक प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से प्रत्येक नागरिक अपनी परिवेदना राज्य सरकार तक पहुंचा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कॉल सेंटर में दर्ज प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हो जिससे नागरिकों को संतुष्टि मिले।

## विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार एआई

**जयपुर, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान सदी में मानवता के लिए एक नया कोड-एक नई भाषा लिख रहा है। उन्होंने एआई को प्रदेश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण घटक बताते हुए कहा कि इसके विवेकपूर्ण उपयोग से सरकार ई-गवर्नेंस और डिजिटल समावेशन को और अधिक व्यापक एवं जन केन्द्रित बना रही है।
मुख्यमंत्री ने मंगलवार को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित राजस्थान रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन लाकर लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है और विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने उद्यमियों, निवेशकों और युवाओं को एआई के उभरते क्षेत्र में सहभागी बनने के लिए राजस्थान में आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश एआई के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री का मानना है कि एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि 21वीं सदी में राष्ट्रीय शक्ति और समृद्धि का आधार है। एआई देश की नीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और सामाजिक संरचना को बेहतर स्वरूप दे रहा है।

**एआई-एमएल पॉलिसी से नवाचार को बढ़ावा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तकनीक और स्टार्टअप के सशक्त इकोसिस्टम के निर्माण के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार द्वारा लाई गई एआई-एमएल पॉलिसी से एआई सिस्टम अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और निजता-संरक्षण के प्रति जवाबदेह बनेंगे। इस नीति से सार्वजनिक सेवा वितरण अधिक त्वरित, नागरिक-केंद्रित और पारदर्शी होगा तथा प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि एआई से जुड़े साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग और समाधान की प्रक्रिया सरल की जाएगी, प्रदेश में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होगा तथा स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कॉलेजों में एआई शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उद्योग, स्टार्टअप और रिसर्च संस्थानों को भी विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे।

**5 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, राजस्थान में डेटा सेंटर की स्थापना**

केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा करते हुए कहा कि राजस्थान में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए उद्योग संगठनों के सहयोग से नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसके तहत राज्य में 5 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, आने वाले समय में राजस्थान में डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए शीघ्र ही आवश्यक प्रक्रियाएं प्रारंभ होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विशेष फोकस के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार किया जा रहा

# खैरथल आरसीएचओ पर प्लॉट दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी, धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**खैरथल।**
**खैरथल।** . खैरथल सैटेलाइट अस्पताल में स्थित सीएमएचओ कार्यालय के आरसीएचओ डॉक्टर हेमंत डगर पर प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी एवं धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज हुआ है ! भिवाड़ी क्षेत्र में रियल एस्टेट के नाम पर बड़ी ठगी का यह मामला सामने आया है। ओमैक्स मेडोसिटी सोसायटी निवासी रामकेश गुर्जर पुत्र जयकिशन ने प्लॉट दिलाने का



झांसा देकर 20 लाख रुपये हड़प लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना भिवाड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी ने बताया कि मार्च 2025 में आरोपी द्वारा पीयूष सिटी, तातारपुर (भिवाड़ी) स्थित प्लॉट नंबर उ-53 दिलाने का सौदा तय किया गया था। कुल कीमत 34 लाख रुपये बताई गई, जिसमें से 16 मार्च को 50 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से तथा 17 मार्च को 50 हजार रुपये यूपीआई व 19 लाख रुपये चेक के जरिए दिए गए। इस प्रकार कुल 20 लाख रुपये आरोपी को सौंपे गए।
परिवादी का आरोप है कि रजिस्ट्री के समय आरोपी ने बहाने बनाकर टालमटोल की और बाद में फोन बंद कर लिया। काफी इंतजार के बावजूद न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई गई और न ही पैसे लौटाए गए। जांच करने पर सामने आया कि जिस प्लॉट का सौदा किया गया था, वह आरोपी के नाम पर था ही नहीं।

## खैरथल में फाटक नं 93 पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग आए दिन रेलवे फाटक पर लगा रहता है जाम का कोहराम



**अमित शर्मा खैरथल**
**खैरथल** के फाटक नं 93 पर ओवर ब्रिज नहीं होने से आए दिन जाम का कोहराम लगा रहता है जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं आए दिन स्कूली बसें एवं एंबुलेंस जाम में फंस जाते हैं नागरिकों का पैदल चलना भी दुभर हो रहा है रेलवे फाटक नं 93 बार-बार बंद होने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है नागरिकों ने शीघ्र रेलवे फाटक नं 93 पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग की ह।

## लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट ( टटअ ) एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा का धौलपुर में आगमन पर निषाद कश्यप समाज ने किया भव्य स्वागत

**दर्पणन्यूज,धौलपुर(धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 6 नवम्बर**
लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट ( MMA ) एशियन चैंपियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा का धौलपुर में आगमन पर निषाद कश्यप समाज ने भव्य स्वागत किया।
इस मौके पर धौलपुर की जनता द्वारा अपने पलक पांवड़े बिछाकर फूलों की वर्षा करके भव्य एवं ऐतिहासिक अभिनंदन किया।
उल्लेखनीय है कि प्रयागराज निवासी खुशबू निषाद नंदा ने लेबनान में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में तजाकिस्तान की फाइटर वरफीना रहमतुलोज़िदा को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था।
धौलपुर पहुँचने पर समाज के द्वारा। उनके सम्मान में रैली निकाली गयी जो महात्मा नंद की बगीची से प्रारंभ करके पुराना शहर, हॉस्पिटल चौराहा, जगन सिनेमा, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी होते हुए श्री महामाया मंदिर पर पहुंची। मार्ग में जगह जगह रैली पर पुष्पवर्षा की गई। महामाया मंदिर पर भव्य कार्यक्रम में स्वागत समारोह में खुशबू निषाद, फतेहाबाद के पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा एवं खुशबू निषाद के पिता नंदा निषाद का साफा, माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## दिव्यांगों की मदद करना हमारा पहला फर्ज.है-चेयरमैन रिंटू



**अमृतसर, 06 जनवरी :** ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )
दिव्यांगों की जरूरतों का पता लगाने के लिए ज़िला प्रशासन ने एलिम्को की मदद से खास कैंप लगाए थे, आज गवर्नमेंट प्रायोरिटी स्कूल रिसोर्स सेंटर, करमपुरा में कैंप लगाया गया और जरूरतमंद लोगों को असिस्टिव डिवाइस दिए गए। इस मौके पर नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन, श्री करमजीत सिंह रिंटू ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं इन जरूरतमंद लोगों की मदद कर पाया। उन्होंने कहा कि आज इन लोगों की बेसिक जरूरतें पूरी हो गई हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में एक खास कैंप लगाया जाएगा और बाकी लोगों को जरूरी मदद का सामान दिया जाएगा।

# 'वीबी—जी राम जी' ग्रामीण भारत के सपनों की नई उड़ान :— मदन राठौड़

**जयपुर, 06 जनवरी 2026।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष द्वारा 'विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन' ( वीबी—जी रामजी ) के नाम को लेकर किए जा रहे विरोध पर कड़ी प्रतिकिया दी। राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस को राम नाम से ही आपत्ति है, भाजपा ने रोजगार और आजीविका मिशन में विकसित भारत जोड़ते हुए नया कानून बनाया, तो इसमें विपक्ष को ऐतराज नहीं होना चाहिए। योजनाओं के नाम तो कांग्रेसियों ने स्वयं ने बदला और अपने एक ?ही परिवार के लोगों को खुश करने के लिए उनके नाम से योजनाएं शुरू कर दी। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना का नाम राजीव गांधी ने जवाहर रोजगार योजना किया, फिर मनमोहन सरकार ने नरेगा और मनरेगा किया। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने आवास योजना का नाम ग्रामीण आवास योजना से बदल कर इंदिरा आवास योजना कर दिया, ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का नाम राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना कर दिया, इन्होंने हर योजना में गांधी—नेहरू परिवार का नाम जोड़ने का काम किया, करीबन 600 योजनाओं के नाम इन कांग्रेसियों ने बदले, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी भी योजना का नाम अपने या किसी के नाम पर जोड़ने की बजाए सेवा, सनातन से जोड़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजभवन को लोकभवन, राजपथ को कर्तव्य पथ, रेसकोर्स रोड को लोक कल्याण मार्ग और प्रधानमंत्री कार्यालय को सेवा तीर्थ नाम करने का काम किया है। मोदी ने भारतीय दंड ?संहिता को भारतीय न्याय संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता करने का काम किया है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश के कांग्रेस सांसदों द्वारा सांसद निधि द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूरजेवाला के पुत्र के निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के सांसदों ने अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए सांसद निधि का बेजा इस्तेमाल किया। यह उनकी क्षेत्र की जनता के साथ धोखाधडी है। उन्होंने कहा कि सांसद निधि जनता को राहत देने के लिए है, ना कि आकाओं को खुश करने और उनके कृपा पात्र बने रहने के लिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वीबी—जी रामजी के माध्यम से 125 दिन की रोजगार गारंटी मिलेगी, वहीं पहले 100 दिन की मिलती थी। पहले कार्य या तो कागजों में होते थे, या बिना जरूरत के किए जाते थे, अब ग्राम सभा गांव के विकास के लिए काम को तय करेगी और उसके आधार पर जल संरक्षण संबंधित कार्य, बुनियादी ढ़ांचा विकसित करने, आजीविका सरंचना निर्माण और आपदा से लड़ने की तेयारियों के काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कानून के माध्यम से ना केवल साल में 125 दिन अधिक काम मिलेगा, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, पैसा सीधा लाभार्थी के खाते में जाएगा। राजीव गांधी ने स्वयं स्वीकार किया था कि एक रूपए केंद्र से चलता है।

## राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट—2026

**जयपुर, 6 जनवरी।** सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित तीन दिवसीय राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट—2026 में गेम डेवलपमेंट प्रतियोगिता ह्यगेम जैमह्व का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अपने पहले संस्करण में 76 टीमों के 240 गेम डेवलपर्स ने 48 घंटे के गेम डेवलपमेंट चैलेंज में हिस्सा लिया। गेम जैम का आयोजन आउटलुक रेस्पॉन और सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा नॉडविन गेमिंग के सहयोग से किया गया।

विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को 1 लाख 75 हजार के पुरस्कार

गेम डेवलपमेंट चैलेंज में प्रथम स्थान प्राप्त एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी, पुणे की एल्डर मोंक इंटरएक्टिव टीम को 1 लाख रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली की टीम फीनिक्स को 50 हजार रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की टीम डेलिगो को 25 हजार रुपए के पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में गेमिंग इंडस्ट्री में प्रवेश कर रहे नए प्रतिभागियों से लेकर अनुभवी पेशेवरों तक ने भाग लिया, जिन्हें अनुभवी डेवलपर्स का मार्गदर्शन भी मिला।

प्रतियोगिता में प्रस्तुत गेम्स का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा किया गया, जिसमें अविचल सिंह (को-फाउंडर एवं गेम डायरेक्टर, नॉडिंग हेड्स गेम्स), अनिरुद्ध सिंह (सीनियर कॉन्सेप्ट आर्टिस्ट, नॉडिंग हेड्स गेम्स), मेघा गुप्ता (डायरेक्टर एवं को-फाउंडर, वाला इंटरएक्टिव) और विग्नेश राघुराम (एडिटर-इन-चीफ, आउटलुक रेस्पॉन) शामिल रहे।

## जनभागीदारी से सेना दिवस परेड—2026 बनेगा शौर्य एवं पराक्रम का महोत्सव

**जयपुर, 06 जनवरी।** राज्य सरकार द्वारा जयपुर में सेना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आमजन को सेना दिवस परेडझ2026 देखने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सेना दिवस परेड के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग एवं जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग एवं जयपुर जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि अधिक से अधिक संख्या में आमजन इस राष्ट्रीय गौरव के कार्यक्रम में सहभागिता कर भारतीय सेना के अद्भुत एवं अनुकरणीय प्रदर्शन को नजदीक से देख सकें।

जगतपुरा (महल रोड), जयपुर में 9, 11, 13 एवं 15 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। अब आमजन स्वयं एवं अपने परिवार के साथ परेड अवलोकन हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कर कार्यक्रम का साक्षी बन सकेंगे।

## 50 से अधिक फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ आईस्टार्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ राजस्थान का समापन



**जयपुर, 6 जनवरी।** तीन दिवसीय राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 के अंतिम दिन जेईसीसी सीतापुरा में आईस्टार्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ राजस्थान में देश—विदेश की कई चर्चित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सिनेमा, नवाचार और रचनात्मक संवाद आयोजित किए गए। देश-विदेश से चयनित फिक्शन और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के प्रदर्शन के साथ तकनीकी और रचनात्मक मास्टरक्लास तथा विशेष समापन प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान सामाजिक यथार्थ, संस्कृति, स्मृति, कानून, पहचान और मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान तीन दिनों में 50 से अधिक फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई।

हॉल सितारा में मैडनेस ऑफ मेडली, ग्रिडः द डेली ब्रेड, द अननोन फिल्ममेकर, सीक्रेट ऑफ माउंटेन सर्पेंट, हॉल मनचाहा में नया पथ, ए कलर आई नेमेड ब्लू, टुट वरी हांडायानी, द ग्रेट फिएट, लॉर्ड कर्जन की हवेली जैसी फिल्मों की स्क्रीनिंग समिट के अंतिम दिन की गई। वहीं, हॉल पृथ्वी में टेसू के फूल, शॉप वहुन नेताना, द लॉस्ट पैराडाइज, अलमारी का अचार, छाया ओ स्मृति और द गैम्बल ऑफ टाइम जैसी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग के गहन समीक्षात्मक बैठक में दिया सख्त दिशा निर्देश -- जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह

**वैशाली** जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, वैशाली, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला गैर-संचारी रोग पदाधिकारी, डब्ल्यूएचओ की टीम, सभी स्वास्थ्य संस्थानों के उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक एवं स्वास्थ्य प्रबंधक उपस्थित थे।

समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बीसीजी टीकाकरण में एमएमआईएस एवं यू-विन पोर्टल के आंकड़ों में अंतर पाए जाने पर इसे तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आगे स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी गर्भवती महिला एवं नवजात शिशु किसी भी टीके से वंचित न रहे। सभी संबंधित पदाधिकारियों को टीकाकरण के प्रत्येक सूचकांक में न्यूनतम 95 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# टछअ ने फर 94 लाख की लागत से पानी सप्लाई पाइप बिछाने का नींव पत्थर रखा



**फरीदकोट 06 जनवरी :** ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा ). पंजाब के मुख्यमंत्री र. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य के लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ये शब्द फरीदकोट इलाके के टछअ र. गुरदीत सिंह सेखों ने गुरु अर्जन देव एवेन्यू के अलावा शहर की अलग-अलग गलियों में पानी सप्लाई पाइप बिछाने के काम की शुरूआत के मौके पर कहे।

इस मौके पर अपने भाषण में र. गुरदीत सिंह सेखों ने कहा कि शहर में पानी सप्लाई से जुड़े विकास कामों के लिए कुल फर 94 लाख मंजूर किए गए हैं, जिसमें से फर 41 लाख की लागत से आज से काम शुरू हो गया है। बाकी मंजूर काम अगले 1 से 2 हफ्तों में शुरू कर दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का मकसद शहर के वॉटर सप्लाई सिस्टम को मजबूत करना और लोगों को पीने के पानी की आसान और लगातार सुविधा देना है। इसके तहत मोहन एवेन्यू, गुरु अर्जन देव एवेन्यू, न्यू टीचर कॉलोनी, न्यू कैंट रोड, न्यू हरिंद्र नगर, दोदान वाला मोहल्ला, मोहल्ला महीखाना, भान सिंह कॉलोनी और शहर के दूसरे इलाकों में पानी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

इस स्कीम से फरीदकोट शहर के लोगों को बेहतर वॉटर सप्लाई की सुविधा मिलेगी और लोगों की ज़िंदगी की क्वालिटी बेहतर होगी। इस मौके पर टछअ ने कहा कि सरकार लोगों की बेसिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह से कमिटेड है।

## जिले में 10 जनवरी से ड्रग्स के खिलाफ पद यात्राएं शुरू होंगी- सेखों



**फरीदकोट 06 जनवरी :** ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा ) पंजाब सरकार की तरफ से ड्रग्स के खिलाफ कैंपेन के दूसरे फेज के तहत, गांवों में ड्रग्स के खिलाफ पद यात्राओं के जरिए लोगों को ड्रग्स के बुरे असर के बारे में अवेयर किया जाएगा और ये यात्राएं 10 जनवरी से शुरू होंगी। यह जानकारी टछअ फरीदकोट एस. गुरदित सेखों ने इस बारे में अपॉइंट किए गए ब्लॉक प्रेसिडेंट के साथ डिस्ट्रिक्ट लेवल मीटिंग में दी। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर मैडम पूनमदीप कौर और अलग-अलग डिपार्टमेंट के दूसरे ऑफिसर खास तौर पर मौजूद थे।

टछअ एस. गुरदित सिंह सेखों ने कहा कि ड्रग्स एक सोशल बुराई तो है ही, लेकिन इसका इस्तेमाल न सिर्फ हमारी हेल्थ पर बल्कि हमारे परिवार पर भी आर्थिक बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पंजाब से ड्रग्स को पूरी तरह खत्म करने के लिए पक्की है। इसलिए, जहां ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उनकी प्रॉपर्टी जब्त की जा रही है, वहीं बड़े पैमाने पर लोगों को इसके बुरे असर के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि ड्रग्स के शिकार लोगों का सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में इलाज कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाया जा सके और उन्हें नौकरी के लायक बनाया जा सके।

## स्पीकर संधवा ने लोक मिलनी के तहत गांव संधवान में लोगों की समस्याएं सुनीं



**कोटकपूरा 06 जनवरी :** ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा ) पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने आज लोक मिलनी प्रोग्राम के तहत गांव संधवान में गांववालों की समस्याओं और मांगों को ध्यान से सुना। इस मौके पर बड़ी संख्या में गांववालों ने हिस्सा लिया और स्पीकर के सामने अपनी समस्याएं रखीं।

स्पीकर संधवा ने लोगों की बात सुनने के बाद संबंधित डिपार्टमेंट के अधिकारियों को समस्याओं को तुरंत और समय पर हल करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य मकसद लोगों की समस्याएं सुनना और उन्हें मौके पर ही हल करना है ताकि आम लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोक मिलनी सरकार और लोगों के बीच एक मजबूत पुल का काम करती है और इसके जरिए लोगों की भलाई से जुड़ी योजनाओं को और अच्छे से लागू किया जा सकता है। स्पीकर संधवा ने गांव के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी और लोगों से सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने की अपील की।

# दुष्यंत और दिग्विजय चौटाला सात जन्म तक भी मुख्यमंत्री नायब सैनी की बराबरी नहीं कर सकते : अमित सैनी



**पुंडरी (कृष्ण प्रजापति):** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) नेता दिग्विजय सिंह चौटाला के हालिया बयान पर भाजपा नेता अमित सैनी पुंडरी ने जोरदार प्रतिक्रिया देते हुए कड़ा पलटवार किया है। पुंडरी में कार्यकताओं की बैठक के बाद विशेष बातचीत में अमित सैनी ने कहा कि जो नेता आज तक कोई चुनाव नहीं जीत पाए, वे मुख्यमंत्री जैसे पद पर सवाल खड़े कर रहे हैं, यह हास्यास्पद है। गौरतलब है कि गत दिवस पुंडरी में दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा था कि नायब सिंह सैनी कभी एमसी नहीं बन सकते थे परंतु वे सीएम कैसे बन गए। भाजपा के युवा नेता और मनोनीत पार्षद अमित सैनी ने जेजेपी नेताओं को सलाह दी कि दूसरों पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांककर देखें। अमित सैनी ने कहा कि जेजेपी ने भाजपा के साथ मिलकर सत्ता में रहते हुए भी कोई ठोस जनहित कार्य नहीं किया, जिसका खामियाजा पार्टी को जनता के पूर्ण नकार के रूप में भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि जनता ने जेजेपी को सिरे से खारिज कर दिया और इसका मुख्य कारण दिग्विजय और दुष्यंत चौटाला की गैर-जिम्मेदार बयानबाजी और गलत राजनीतिक फैसले रहे, जिससे पार्टी विनाश की ओर चली गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए अमित सैनी ने कहा कि नायब सैनी केवल एमसी ही नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री तक का सफर तय करने वाले लोकप्रिय और संघर्षशील नेता

# एचटेट परीक्षा परिणाम 2024 में धांधली के आरोप, युवा जेजेपी ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** एचटेट परीक्षा परिणाम 2024 में कथित अनियमितताओं और धांधली के आरोपों को लेकर जननायक जनता पार्टी (युवा) ने कड़ा रुख अपनाया है। इसी क्रम में आज युवा जेजेपी की ओर से महामहिम राज्यपाल हरियाणा के नाम एक ज्ञापन कैथल की उपायुक्त (डीसी) कैथल को सौंपा गया, जिसमें पूरे मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच करवाने की मांग की गई। युवा जेजेपी नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि एचटेट परीक्षा 2024 के परिणामों को लेकर अनेक गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। परीक्षा परिणाम घोषित करने में अनावश्यक देरी, प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी, बार-बार परिणाम तैयार करने की बात सामने आना तथा ओएमआर शीट से जुड़े विवाद, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का संकेत देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य इस संदिग्ध प्रक्रिया के कारण अंधकार में चला गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जब परीक्षा का परिणाम पूरी तरह से तैयार था, तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया, और बाद में दोबारा परिणाम तैयार करने में लगभग 110 दिन का समय क्यों लगा।

## राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट—2026



**जयपुर, 6 जनवरी।** जेईसीसी में आयोजित तीन दिवसीय राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट—2026 में मंगलवार को मुग्धा हॉल में 'प्रीसिजन, प्रिवेंशन एंड पब्लिक गुडः द नेक्स्ट हेल्थ रेवोल्यूशन' पैनल डिस्कशन में भारत में स्वास्थ्य क्रांति की दिशा में विविध पहलुओं पर चर्चा की गई।

फ्यूचरक्योर हेल्थ के संस्थापक श्री रजनीश भंडारी ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर, एनिरा कंसल्टिंग के सीईओ डॉ. सबाइन कपासी, एडीआईए लैब के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. शादाब खान, एवीएमस्माइल के निदेशक डॉ. अरोकियास्वामी वेलुमणि तथा न्यूरोलीप के सीईओ श्री कुमार बागरोडिया के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के नवाचारों पर चर्चा की।

चर्चा में विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में 'पर्सनलाइजेशन' तब ही सतत रूप से सफल हो सकता है, जब इसे बड़े पैमाने पर दक्षता और मजबूत बिजनेस मॉडल के साथ जोड़ा जाए। नीतियां आगे तभी बढ़ती हैं, जब शुरूआती परिणाम सिद्ध हो जाते हैं।

चर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि भारत के हाई-वॉल्यूम, लो-कॉस्ट हेल्थकेयर मॉडल पहले से ही यह प्रदर्शित कर रहे हैं कि नवाचार के बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन से ही किफायती उत्पाद तैयार हो सकते हैं, जिनकी आसान पहुंच संभव हो सके। अक्षमता और असमान मूल्य निर्धारण को प्रमुख चुनौतियों के रूप में चिह्नित किया गया।

विशेषज्ञों ने माना कि नैतिक एवं लाभ-उन्मुख मॉडल आवश्यक हैं ताकि जनसंख्या स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि एआई और डेटा को स्वास्थ्य सेवा से जोड़कर रिएक्टिव ट्रीटमेंट को प्रिडिक्टिव एवं प्रिवेंटिव केयर की ओर ले जाया जा सकता है। इस संबंध में सुझाव दिए गए कि स्पष्ट परिणाम-उन्मुख लक्ष्यों से शुरूआत करते हुए मल्टीमॉडल एआई का उपयोग किया जाना चाहिए जो जीनोमिक्स, हेल्थ रिकॉर्ड्स, इमेजिंग, लाइफस्टाइल और पर्यावरणीय डेटा को एकीकृत करे। इससे बीमारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पहचाना जा सकेगा।

विशेषज्ञों ने बताया कि भविष्य में स्वास्थ्य सेवा गहन डिजिटल परिवर्तन से गुजरेगी। भारत अपनी क्षमताओं, कम लागत और क्लिनिकल विशेषज्ञता से वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा सकता है और यहां मेडिकल टूरिज्म में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## थाईलैंड और राजस्थान के बीच पर्यटन के क्षेत्र में अपार सम्भावनाएं—




**जयपुर, 6 जनवरी।** मंगलवार को मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास से थाईलैंड की भारत में राजदूत सुश्री चवनार्ट थांगसुम्फंत ने भेंट की। थाईलैंड की राजदूत सुश्री चवनार्ट थांगसुम्फंत ने बताया कि थाईलैंड और भारत के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक सम्बंध रहे हैं। इन्हें पर्यटन के माध्यम से विकसित किया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान और थाईलैंड के बीच पर्यटन सहयोग में नवीनतम तकनीक व नवाचार की अपार सम्भावनाएं हैं। इन्हें आपसी सहयोग से नए दौर में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

बैठक में पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन एवं रॉयल थाई एंबेसी के अधिकारी श्री किरण मूंगटिन,कैप्टन नत्थापोंग फामराई ,श्री जिरासाक वेराअर्पचाई,श्री फानुवित वेजसमफान,रचता श्रीपुत्ता, श्री डेनी जोसेफ, सुश्री रुचि सिंह भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का किया निरीक्षण,



**जयपुर, 6 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से आमजन की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्तर पर इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाती है। इसी कड़ी में श्री शर्मा मंगलवार को शासन सचिवालय परिसर स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पहुंचे और परिवादियों से बात कर अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

श्री शर्मा से जोधपुर जिले के ग्राम सुराणी निवासी श्री छगनलाल ने उनके गांव में विद्युत वोल्टेज की समस्या का जिक्र करते हुए ट्रांसफॉर्मर लगाने का निवेदन किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ट्रांसफार्मर लगा दिया है। साथ ही, विद्युत आपूर्ति भी शुरू हो चुकी है।

करौली जिले के नादौती के ग्राम बरदाला निवासी श्री नवल किशोर शर्मा ने मुख्यमंत्री से हैंडपंप के संबंध में निवेदन किया। जिस पर मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को परिवाद के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। देर शाम तक परिवादी के नजदीकी स्थान पर पीएचईडी अभियंताओं ने हैंडपंप को दुरुस्त कर पुनः शुरू कर दिया।

आसींद, भीलवाड़ा के ग्राम बाराखेड़ा निवासी श्री विष्णु ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी में लंबित भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनकी समस्या को भारत सरकार के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, परिवादी की शिकायत पंजीकरण तथा फॉलो-अप प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

## आमजन भी देख सकता है सेना परेड, पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन व्यवस्था शुरू, 9-11-13-15 जनवरी को कर सकते है अवलोकन

**जयपुर, 06 जनवरी।** राज्य सरकार द्वारा जयपुर में सेना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जन सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसके लिए पूर्व में जयपुर तथा आस-पास के जिलों से आमजन को सगंठनों के माध्यम से भाग लेने की सुविधा प्रदान करने की कार्यवाही चल रही है।

चार दिवसों 9-11-13-15 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड के लिए भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

अब आम—जन को परेड देखने के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने का अवसर देने के लिए पहल की गई है।

# बांग्लादेश चुनाव : ओपिनियन पोल में बीएनपी को मिल रही बढ़त, जमात का बिगड़ा समीकरण; भारत अलर्ट

**नई दिल्ली (पी एम ए)** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद अब 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव होने जा रहा है। इस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की हलचल भी तेज हो चुकी है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, राजनीतिक दलों में आंतरिक कलह भी उजागर हो रहे हैं। हालांकि, इन सबके बीच ओपिनियन पोल में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का पलड़ा भारी दिख रहा है। पिछले महीने के पोल में बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच कांटे की टक्कर दिखाई जा रही थी। हालांकि, बीएनपी ने 70 फीसदी लोगों के साथ जमात को पीछे छोड़ दिया है। लोगों का कहना है कि वे मरहूम खालिदा जिया की पार्टी को वोट देंगे। वहीं जमात को सिर्फ 19 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला। बता दें, 17 सालों के बाद तारिक रहमान का अपने देश लौटना ना केवल बांग्लादेश की राजनीति बल्कि बीएनपी के लिए बदलाव का एक बड़ा मोड़ है। खासतौर से रहमान की वापसी से पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में जोश भर गया है।

एमिनेंस एसोसिएट्स फॉर सोशल डेवलपमेंट (ईएएसडी) के एक ओपिनियन पोल के मुताबिक, बांग्लादेश में पिछले साल हुई हिंसा और शेख हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद बनी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) को 2.9 फीसदी लोगों का ही समर्थन मिला है।

पोल देखने वालों ने कहा कि बीएनपी को कई वजहों से लोगों का समर्थन मिल रहा है। एक पहलू ये भी है कि पूर्व पीएम खालिदा जिया की मौत की वजह से बीएनपी को लोगों का भावनात्मक समर्थन भी मिल रहा है।

दूसरा पहलू ये है कि जिया के बेटे तारिक रहमान की वापसी से पार्टी को मजबूती मिली है। तारिक अपनी वापसी के बाद से ही चुनावी मैदान में उतर चुके हैं, और इसका असर लोगों पर देखने को मिल रहा है।

वहीं जो तीसरा पहलू है, वो ये है कि हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद से बांग्लादेश में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं, हिंसा अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है, और इसके लिए कहीं ना कहीं कट्टरपंथी जमात को ही जिम्मेदार माना जा रहा है।

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि लोगों को पता है कि अगर जमात सत्ता में आई, तो यह कभी भी आजाद देश नहीं बन पाएगा, क्योंकि आईएसआई का पूरा नियंत्रण होगा।

देश की आम जनता शांति, विकास और खुशहाली चाहती है, धर्म से चलने वाला देश नहीं। अधिकारी ने कहा कि वे ईरान जैसा देश बिल्कुल नहीं चाहते, और लोगों को पता है कि अगर पी एम ए के समर्थन वाली जमात सत्ता में आई, तो हालात कैसे हो जाएंगे।

ओपिनियन पोल में यह भी बताया गया कि शेख हसीना के कई समर्थक अवामी लीग छोड़कर अब बीएनपी का साथ दे रहे हैं। हालांकि, इसका कारण चुनाव से अवामी लीग की अनुपस्थिति भी हो सकती है। विशेषज्ञों का भी यही कहना है कि अवामी लीग को चुनाव लड़ने से बैन कर दिया गया है, और शायद इसी वजह से उसके समर्थक बीएनपी के साथ खड़े हैं। इसका एक पहलू ये भी है कि बीते एक साल के अंदर ना जाने कितने ही अवामी लीग के समर्थकों और हसीना के करीबी लोगों को निशाना बनाया जा चुका है। इसके कई मामले भी बीते साल सामने आए। इसलिए शायद किसी तरह की हिंसा और परेशानी का शिकार होने से बचने के लिए बीएनपी एक अच्छा विकल्प है।

सर्वे के मुताबिक, अवामी लीग के 60 फीसदी समर्थक अब कहते हैं कि वे बीएनपी को वोट देंगे। अवामी लीग के 25 फीसदी समर्थकों ने कहा कि वे जमात का साथ देंगे।

पोल में कहा गया कि जातीय पार्टी को सिर्फ 1.4 फीसदी लोगों का समर्थन मिला है।

पोल के मुताबिक, बीएनपी को महिलाओं के बीच बहुत पसंद किया जा रहा है, और उनमें से 71 फीसदी महिलाओं का कहना है कि वे पार्टी को वोट देंगी।

## अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर को उड़ान की परमिशन में हुई देरी, केंद्र पर साजिश का लगाया आरोप

**कोलकाता (पी एम ए) तृणमू**ल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के बीरभूम दौरे को लेकर मंगलवार को काफी अनिश्चितता बनी रही। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से अनुमति न मिलने के कारण उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा उनके कार्यक्रमों में रुकावट पैदा कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, अभिषेक को मंगलवार दोपहर दक्षिण 24 परगना के बेहाला से बीरभूम जिले में 'रण संकल्प सभा' में शामिल होने के लिए कोलकाता के बेहाला फ्लाइंग क्लब से हेलीकॉप्टर से रवाना होना था। उसी दौरान नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हेलीकॉप्टर उड़ाने की परमिशन नहीं दी, जिसके चलते उन्होंने काफी देर तक इंतजार किया, इसके बाद परमिशन मिली। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा के लोग डर रहे हैं, इसलिए हमारे कार्यक्रम में भी रुकावट पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग तृणमूल कांग्रेस से इतने डर गए हैं कि अब हमारे कार्यक्रमों में भी रोक लगाने लगे हैं।

तृणमूल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि जिस हेलीकॉप्टर से उन्हें आज उड़ान भरनी थी, उसे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बातचीत के बाद और झारखंड सरकार के सहयोग से इंतजाम किया गया था।

अभिषेक का बुधवार को बीरभूम में 'रण संकल्प सभा' का कार्यक्रम है। रामपुरहाट के बिनोदपुर मैदान में सभा आयोजित करने की योजना थी।

वहीं, एक सूत्र के अनुसार सांसद ने हेलीकॉप्टर उड़ाने के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त नहीं की थी। नतीजतन, वह दोपहर तक बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का इंतजार करते रहे। उनका दावा है कि जिस तरह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बांगांव दौरे से पहले समस्याएं खड़ी की गईं, उसी तरह भाजपा अभिषेक के दौरे से पहले ह्यसाजिशह्ल रच रही थी।

टीएमसी के नेताओं ने कहा कि अभिषेक के बढ़ते प्रभाव और पार्टी की सभाओं से भाजपा डरी हुई है, इसलिए इस तरह की रुकावटें पैदा की जा रही हैं। ममता बनर्जी ने भी इसी तरह की शिकायत की है कि वे खुद कई महीनों से हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं कर पा रही हैं।

हालांकि अभिषेक बनर्जी काफी देर के बाद अपने हेलीकॉप्टर से बीरभूम के लिए रवाना हुए। टीएमसी का दावा है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उनके चॉपर को क्लीयरेंस नहीं दिया था।

## नोएडा में अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 8 करोड़ रुपए के चोरी के 821 मोबाइल बरामद

**नोएडा (पी एम ए) गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने मोबाइल फोन चोरी के एक बड़े अंतर्राज्यीय** गिरोह का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना फेस-2 नोएडा पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय इस गिरोह के 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि 2 नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है और उन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के कुल 821 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 6 से 8 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों, विशेषकर साप्ताहिक बाजारों, सब्जी मंडियों और फलों की मंडियों में सक्रिय था। आरोपी ग्रुप बनाकर बाजारों में पहुंचते थे और ग्राहकों की जरा-सी चूक का फायदा उठाकर मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे। इनके लिए खासतौर पर सर्दियों के मौसम में जैकेट की जेब से मोबाइल निकालना आसान हो जाता था। चोरी के बाद यदि किसी एक आरोपी पर शक होता तो वह तुरंत मोबाइल अपने दूसरे साथी को सौंप देता था ताकि पकड़े जाने से बच सकें। जांच में सामने आया है कि आरोपी 1 से 2 महीने के लिए नोएडा में ठिकाना बनाते थे और वारदातों को अंजाम देने के बाद फरार हो जाते थे। वे लगातार अपना ठिकाना बदलते रहते थे ताकि पुलिस की पकड़ से दूर रह सकें। चोरी किए गए मोबाइल फोन बड़ी संख्या में इकट्ठा होने के बाद ट्रेन के माध्यम से झारखंड, बिहार और नेपाल तक भेजे जाते थे, जहां उन्हें सस्ते दामों में बेचकर आर्थिक लाभ कमाया जाता था।

डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि इस मामले में नेपाल कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। मोबाइल फोन किन लोगों को बेचे जा रहे थे, उनकी पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने इसे संगठित और सुनियोजित अपराध बताते हुए कहा कि पुलिस आगे भी ऐसे गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह ने गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कुछ पढ़े-लिखे हैं, जबकि अधिकांश अनपढ़ हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सभी अभियुक्तों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और नेटवर्क का भी जल्द खुलासा होगा।

## सिद्दारमैया को कार्यकाल पूरा करने की शुभकामनाएं, हमारे बीच कोई भ्रम नहीं : डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु (पी एम ए) क**र्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के पूरे कार्यकाल को लेकर चल रही चर्चाओं पर विराम लगाने की कोशिश की। शिवकुमार ने कहा कि वह सिद्दारमैया को अपना कार्यकाल पूरा करने की शुभकामनाएं देते हैं और पार्टी के भीतर किसी तरह का कोई भ्रम नहीं है। बेंगलुरु में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, "उनके साथ हर अच्छी चीज हो। मैं उन्हें ढेरों शुभकामनाएं देता हूं। हमारे बीच कोई भ्रम नहीं है, भ्रम सिर्फ मीडिया में है। एक बार फिर मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।" मुख्यमंत्री सिद्दारमैया द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय डी. देवराज उर्स के लंबे कार्यकाल के रिकॉर्ड की बराबरी किए जाने पर शिवकुमार ने कहा कि वह और अधिक सफलता हासिल करें। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें अच्छा स्वास्थ्य मिले, ताकि वे जनता की और ज्यादा सेवा कर सकें।

शिवकुमार ने आगे कहा, "मैं बल्लारी जा रहा हूं। मैं वहां जाकर स्थिति का जायजा लूंगा। हम राज्य में और हर जगह शांति चाहते हैं। भाजपा बेचैन हो रही है और ऐसी गतिविधियों का सहारा ले रही है।"

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस और भाजपा कार्यकताओं में झड़प के दौरान हुई फायरिंग में राजशेखर की मौत हो गई थी। इस मामले में मंत्री जमीर अहमद खान द्वारा मृतक के परिवार को कथित रूप से 25 लाख रुपए नकद मुआवजा दिए जाने को लेकर उठे सवालों पर डीके शिवकुमार ने कहा कि वह इस विषय में मंत्री जमीर अहमद खान से बात करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के पास अब आयकर विभाग और केंद्रीय एजेंसियां हैं।

सोनिया गांधी के अस्पताल में भर्ती होने की खबर पर डीके शिवकुमार ने कहा कि उन्हें अभी इसकी जानकारी नहीं है।

## कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का निधन, 81 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**पुणे (पी एम ए)** पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पुणे और कांग्रेस ने अपने एक ऐसे नेता को खो दिया, जिनका प्रभाव दशकों तक शहर की राजनीति और विकास पर साफ तौर पर दिखाई देता रहा। जानकारी के अनुसार, सुरेश कलमाड़ी का पार्थिव शरीर मंगलवार दोपहर 2 बजे तक पुणे स्थित उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद शाम 3:30 बजे वैकुंठ स्मशानभूमि में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सुरेश कलमाडी को केवल एक राजनेता के रूप में नहीं, बल्कि पुणे की राजनीति के 'किंगमेकर' के तौर पर भी जाना जाता था। उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत से पहले उन्होंने भारतीय वायु सेना में पायलट के रूप में देश सेवा की। इसके बाद राजनीति में कदम रखते हुए वे कई बार पुणे से लोकसभा सांसद चुने गए और केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। पुणे के बुनियादी ढांचे, शहरी विकास और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में उनका योगदान आज भी शहर में देखा जा सकता है।

खेलों के क्षेत्र में भी सुरेश कलमाडी का योगदान उल्लेखनीय रहा। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने लंबे समय तक भारतीय खेल प्रशासन का नेतृत्व किया। वर्ष 2010 में आयोजित दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स उनके करियर का एक अहम अध्याय रहे। हालांकि इन खेलों से जुड़े विवादों ने उनके राजनीतिक जीवन को प्रभावित किया, लेकिन भारत में खेलों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने और बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी की दिशा में उठाए गए कदमों का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है।

इसके अलावा, 'पुणे फेस्टिवल' और 'पुणे इंटरनेशनल मैराथन' जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों के जरिए उन्होंने पुणे को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इन आयोजनों ने पुणे को सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया।

उनके निधन की खबर मिलते ही जगत की हस्तियों और सामाजिक और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरेश कलमाड़ी के निधन से न सिर्फ कांग्रेस पार्टी, बल्कि पुणे की राजनीति और खेल जगत को भी अपूरणीय क्षति पहुंची है।

## नागरिकता से पहले वोटर विवाद में सोनिया गांधी की मांग कोर्ट ने मानी, जवाब दाखिल करने के लिए दिया वक्त

**नई दिल्ली (पी एम ए)**
मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने से जुड़े विवाद में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कोर्ट में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। अदालत ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई सात फरवरी को तय कर दी। मजिस्ट्रेट अदालत ने यह भी टिप्पणी की थी कि नागरिकता और मतदाता सूची से संबंधित विषय केंद्र सरकार और भारत निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और इन्हें आपराधिक शिकायत के माध्यम से तय नहीं किया जा सकता। इसी आदेश के खिलाफ अधिवक्ता विकास त्रिपाठी ने पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है, जिस पर अब सत्र अदालत सुनवाई कर रही है।

## मधुबनी में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष के सामने चले लात-घूंसे, टिकट बंटवारे को लेकर हुए विवाद ने बिगाड़ा माहौल

**मधुबनी (पी एम ए)**
मधुबनी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पूर्व सीएलपी लीडर शकील अहमद खान के कार्यक्रम के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पार्टी कार्यकताओं के दो गुटों के बीच झड़प हो गई। कार्यक्रम स्थल पर पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और लात-घूंसे तक पहुंच गई। दोनों गुटों के बीच पार्टी झंडा लगे डंडों से भी मारपीट हुई, जिससे कुछ देर के लिए कार्यक्रम बाधित हो गया। बताया जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा को लेकर जिला स्तर पर यह बैठक बुलाई गई थी।

इसी दौरान टिकट बंटवारे में कथित मनमानी को लेकर नाराज कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पूर्व विधायक दल नेता शकील अहमद खान लगातार कार्यकताओं को समझाते रहे, लेकिन स्थिति पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। डिप्टी मेयर व कांग्रेस नेता अमानुल्लाह खान ने बताया कि टिकट वितरण को लेकर कुछ कार्यकर्ता नाराज थे। सभी कांग्रेस के ही लोग हैं और बातचीत से ही समाधान निकलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि टिकट सूची का अंतिम फैसला दिल्ली से हुआ था।

## 'टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग गलतफहमी में न रहें', खठव कैंपस में नारेबाजी पर बोले गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली/पटना (पी एम ए)** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के कैंपस में लगे विवादित नारे के बाद कहा है कि भारत को बांटने और पाकिस्तान की सोच रखने वाले गलतफहमी में न रहें। चरमपंथियों और नक्सलियों के साथ-साथ 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' को भी खत्म कर दिया जाएगा। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, "जेएनयू कैंपस 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का सेंटर बन गया है, जिसमें राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी पार्टियां और दूसरे विपक्षी दल शामिल हैं। देश इसे ज्यादा समय तक बर्दाश्त नहीं करेगा।" उन्होंने कहा कि शरजील इमाम और उमर खालिद के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया, मैं उसका स्वागत करता हूं। इसी बीच, गिरिराज सिंह ने कहा, "जो लोग भारत को बांटने की बात करते हैं और पाकिस्तान जैसी सोच रखते हैं, उनकी इस देश में कोई जगह नहीं है। गलतफहमी में न रहें। यह नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सरकार है। जिस तरह चरमपंथियों और नक्सलियों को खत्म किया जा रहा है, उसी तरह 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' को भी खत्म कर दिया जाएगा।"

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि जेएनयू में लगाए जा रहे नारे एक अर्बन-नक्सली विचारधारा है जिसे राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी सपोर्ट करते हैं। यह वही विचारधारा है जिसे बौद्धिक आतंकवाद में बदला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जब से देशद्रोही उमर खालिद, जो कहता है कि भारत ने जम्मू-कश्मीर पर गैर-कानूनी कब्जा किया है, या देशद्रोही शरजील इमाम जो कहता है कि वह चिकन नेक को भारत से अलग करना चाहता है, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है।

प्रदीप भंडारी ने आगे कहा, "उमर खालिद और शरजील इमाम के समर्थन में कांग्रेस के नेता आए हैं। जिस तरह जेएनयू कैंपस में नारे लगे हैं, इन नारों का समर्थन मौन स्वीकृति के जरिए कांग्रेस पार्टी कर रही है। चुनाव के मैदान में जनता के सामने इनका देशविरोधी चेहरा होता है। यही कारण है कि जनता उन्हें बार-बार विपक्ष में बैठाती है।"

## पंजाब में युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान का दूसरा चरण शुरू, घर-घर जाकर जुटाए जाएंगे आंकड़े

**मोहाली (पी एम ए)** पंजाब को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्ययुद्ध नशे के विरुद्धह्ल अभियान का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। इस चरण में ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग का फील्ड स्टाफ गांवों और शहरों में घर-घर जाकर नशे से जुड़े आंकड़े एकत्र करेगा और लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा। मोहाली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सौंध ने बताया कि इस अभियान के तहत नशा छोड़ चुके युवाओं को प्रेरक वक्ता के रूप में समाज के बीच लाया जाएगा। ये युवा अपने अनुभव साझा कर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे और खासतौर पर युवाओं को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा नशे की वास्तविक स्थिति का पता लगाना और समाज की सक्रिय भागीदारी से इस समस्या को जड़ से खत्म करना है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि अब तक करीब 20 हजार नशा पीड़ित युवाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जा चुका है। उन्होंने दावा किया कि कई नशा मुक्ति केंद्रों में अब नए मामले सामने नहीं आ रहे हैं, जो पहले चरण की बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में नशा रोकथाम के साथ-साथ पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापना पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मंत्रियों ने पंचायतों, विभागीय कर्मचारियों और आम जनता से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं

## 'वीबी-जी राम जी' का विरोध करना विपक्ष की मजबूरी वरना खुल जाएगी पोल: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ (पी एम ए) उत्त**र प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकसित भारतझ्जी राम जी कानून, 2025 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस ऐतिहासिक सुधार का स्वागत होना चाहिए था, उसी का विरोध कर विपक्ष अपने पुराने भ्रष्टाचार मॉडल का खुला समर्थन कर रहा है। यह विरोध विकास का नहीं, बल्कि पोल खुलने के डर का परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस प्रेस वार्ता की आवश्यकता इसलिए पड़ी, क्योंकि जिन लोगों ने वर्षों तक देश के संसाधनों पर डकैती डाली, गरीबों को भूखा रहने और नौजवानों को पलायन के लिए मजबूर किया, वे आज सुधारों और विकसित भारत की संकल्पना पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर ऐसे लोग कानून का समर्थन करेंगे तो उनकी असलियत सामने आ जाएगी, इसलिए वे विरोध कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन इस अधिनियम पर लगातार प्रश्न खड़े कर रहे हैं, जबकि यह ग्रामीण भारत, किसानों और श्रमिकों के हित में उठाया गया बड़ा कदम है। एनडीए सरकार का आभार जताने के बजाय विपक्ष भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करने वाली अपनी पुरानी परंपराओं का ही समर्थन कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत की परिकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब राज्य विकसित होंगे और राज्य तभी विकसित होंगे, जब गांव विकसित होंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान देना इस अधिनियम का मूल उद्देश्य है। इसी लक्ष्य के साथ यह कानून लाया गया है और वह इसका पूर्ण समर्थन करते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की विफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में अधूरी और अस्थायी परिसंपत्तियां, फर्जी हाजिरी, भुगतान में कटौती जैसी भ्रष्टाचार की शिकायतें हर जनपद और हर ग्राम पंचायत से सामने आती थीं। शिकायत निवारण की कमजोर व्यवस्था, कमजोर सोशल ऑडिट, प्रशासनिक अक्षमताएं और मजदूरी में लगातार देरी आम बात थी।

उन्होंने कहा कि खोदने और भरने वाली योजनाओं पर विराम लगने से स्वाभाविक है कि जिनके हित प्रभावित हुए हैं, वे चिल्ला रहे हैं। यही वे लोग हैं जो गड्ढा खोदते थे और फिर उसे पाटते थे। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सपा शासनकाल में सोनभद्र में मनरेगा का बड़ा घोटाला हुआ, जिसकी सीबीआई जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत हर छह महीने में अनिवार्य सोशल ऑडिट, डिजिटल और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रणाली तथा कैग मानकों के अनुरूप ऑडिट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि विकसित भारतझ्जी राम जी कानून ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगा। पारदर्शिता, जवाबदेही और श्रमिक-किसान के अधिकार सुनिश्चित होंगे। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे विकास के नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के पक्षधर हैं।

## सीएम योगी की जनता से अपील: साइबर ठगों से बचाव के लिए सतर्कता और जागरूकता जरूरी

**लखनऊ (पी एम ए) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य**नाथ ने सोमवार को प्रदेश की जनता के नाम एक पत्र 'योगी की पाती' लिखा। इस पत्र के जरिए उन्होंने 'साइबर अपराध की चुनौतियों' को लेकर प्रदेश की जनता को आगाह किया है। सीएम योगी ने बताया कि इसे रोकने के लिए सरकार कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सीएम योगी ने पत्र में लिखा, मोबाइल और कंप्यूटर ने हमारे जीवन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया है, परंतु इसके साथ ही साइबर अपराध की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। आपकी सरकार इसकी रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व प्रदेश में केवल 2 साइबर क्राइम थाने थे। आज सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने क्रियाशील हैं। साथ ही सभी जनपदीय थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है। साइबर ठगों के विरुद्ध सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़े शस्त्र हैं। ये अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे झूठे और भ्रामक शब्दों का प्रयोग कर निर्दोष नागरिकों को डराते-धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। देश के किसी भी कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस या अन्य कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, वॉट्सऐप, या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है। सीएम योगी ने पत्र में कहा कि सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर भी सावधान रहना होगा।आप जो तस्वीरें, वीडियो या लोकेशन सार्वजनिक करते हैं, उसके माध्यम से अपराधी पहले आपके बारे में सूचनाएं जुटाते हैं और इन्हीं सूचनाओं को आपके विरुद्ध प्रयोग करते हैं। अपनी व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। सावधानी के पश्चात भी यदि आपके साथ साइबर अपराध हो जाता है, तो सर्वप्रथम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर रिपोर्ट करें। सीएम योगी ने आगे कहा कि जितना जल्दी आप पुलिस को सूचित करेंगे, बचाव की संभावना भी उतनी ही अधिक होगी। जागरूक बनें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को। आइए, हम सब मिलकर एक सुरक्षित और साइबर अपराध-मुक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण करें।

## संभल में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ा अभियान, सड़कों पर उतरे डीएम-एसपी

**संभल (पी एम ए)** यूपी के संभल में बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने सोमवार तड़के बड़ी कार्रवाई की। सुबह करीब 4 बजे जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से व्यापक अभियान चलाया। यह कार्रवाई थाना रायसत्ती और नखासा क्षेत्र में की गई, जहां लंबे समय से बिजली चोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। तड़के शुरू हुए इस औचक अभियान में भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला सड़कों पर उतरा। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। टीम ने संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर अवैध बिजली कनेक्शनों की गहन जांच की। इस दौरान कई स्थानों पर नियमों के खिलाफ लगाए गए कनेक्शन पाए गए, जिनकी जानकारी संबंधित विभाग को देते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सात थानों की पुलिस के साथ पीएसी और आरपीएफ बल भी तैनात रहे।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार विकसित भारत जी राम जी अधिनियम : योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम का किया स्वागत

**लखनऊ।**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कहा कि केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में स्थायी रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस अधिनियम का पारित होना ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम का हम स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार भी व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान विपक्ष पर हमला भी बोला।
उत्तर प्रदेश की एनडीए सरकार की लोकभवन में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जी राम जी योजना के माध्यम से अब 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन रोजगार अनिवार्य किया गया है। सप्ताह में भुगतान होगा। भुगतान में देरी पर व्याज के साथ भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश



को गरीबी का दंश झेलने के लिए छोड़ दिया था, वे लोग ऐसे कदम का समर्थन करेंगे तो उनकी पोल न खुल जाए। जनता भी उनसे पूछेगी कि आपने क्या किया ? देश के हित में, गांव, गरीब के हित में उठाये गए कदम का समर्थन करने के बजाए, विरोध कर रहे हैं। विकसित भारत की आधारशिला ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ होने से ही रखी जा सकती। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मैं इसका स्वागत करता हूँ और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार भी व्यक्त करता हूँ।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा जी राम जी के माध्यम से रोजगार की गारंटी है। अब हाजिरी भरने की ऑनलाइल व्यवस्था की गई है। डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजेंगे। फर्जी नामों पर भुगतान का खेल अब हमेशा के लिए बंद हो गया है। सपा के शासन को याद कीजिये सोनभद्र में मनरेगा में घोटाला हुआ था।

## मुरादाबाद जिला कारागार से 22 बंदियों को भेजा गया बरेली सेंट्रल जेल

**बरेली भेजे गए कैदी हत्या और संगीन मामलों में हैं दोषी**

**मुरादाबाद।**





उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद की जिला कारागार से मंगलवार सुबह 22 सजायाफ्ता कैदियों को बरेली सेंट्रल जेल भेजा गया है। जेल प्रशासन ने इनमें से तीन बुजुर्ग कैदियों को स्वास्थ्य कारणों की वजह से रोक लिया है। जिला कारागार में अलग-अलग अदालतों से सजायाफ्ता 25 कैदी रखे गए थे। इसमें हत्या और संगीन मामलों के आधे से अधिक कैदी शामिल थे।
जिला कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन से फोर्स मिलने के बाद इन 22 कैदियों को बरेली सेंट्रल जेल भेजा गया। शासन के निर्देश के अनुसार सात साल से अधिक की सजा पाए कैदियों को जिला जेल में नहीं रखा जा सकता है। जेल में 70 से लेकर 90 साल के तीन कैदियों को रोका गया है।

## मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर महंगी चाय बेचने पर स्टॉल संचालक पर जुमार्ना

**मुरादाबाद।**



मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर चाय के दाम ज्यादा लेने पर एक यात्री ने स्टॉल संचालक की शिकायत की। यात्री की ऑनलाइन शिकायत पर स्टॉल संचालक पर जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही वेंडर को हटा दिया गया है।
एक यात्री राजकुमार ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट की। उन्होंने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से चाय खरीदी। वेंडर ने 10 रुपये लिए। यात्री का कहना था कि चाय तो पांच रुपये की है, ओवररेटिंग क्यों की जा रही है। वेंडर का जवाब था कि 10 रुपये की ही है। इसके बाद यात्री ने शिकायत की। इसके बाद रेल प्रशासन ने कार्रवाई की है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि मामले में आरोपित लाइसेंसधारी पर जुमार्ना लगाया गया है और वेंडर को हटा दिया गया है। यदि आगे कोई और शिकायत मिली तो लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

## फरुर्खाबाद के मोहम्मदाबाद में मिला अज्ञात युवक का शव, गले में बना है टैटू

**बाएं हाथ पर लिखा है विक्रम सिंह**

**फरुर्खाबाद।**



जनपद फरुर्खाबाद के कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में मंगलवार को पंचम नगला अंडर पास के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। घटनाक्रम के अनुसार बहादुर नगला और पंचम नगला के बीच में बने रेलवे अंडरपास के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा पाया गया है। शव के हाथ में विक्रम लिखा हुआ है और गले पर एक टैटू बना हुआ है।
घटनास्थल पर पहुंचे नीम करोली चौकी इंचार्ज ने मृतक की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया । लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। दरोगा जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव कब्जे में ले लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा कि यह हत्या कैसे की गई है। फिलहाल अभी हत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। मृतक सफेद रंग की शर्ट पहने हुए है।

## युवक द्वारा आत्महत्या : लिविंग पार्टनर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश के नोयडा में लिविंग रिलेशनशिप में रह रहे एक 27 वर्षीय युवक ने सोमवार की रात को अपने महिला मित्र के घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस मामले में उसके भाई ने उसकी महिला मित्र तथा उसके अन्य जानकारों के खिलाफ उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा में मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस मृतक की लिविंग पार्टनर से पूछताछ कर रही है।

# मीरजापुर के योग गुरु ज्वाला सिंह बने पतंजलि युवा भारत यूपी के सह राज्य प्रभारी


**मीरजापुर।**
योग, आयुर्वेद और स्वदेशी आंदोलन को नई गति देने की दिशा में योग ऋषि स्वामी रामदेव ने जनपद के प्रतिष्ठित योग गुरु योगी ज्वाला सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। स्वामी रामदेव ने उन्हें पतंजलि युवा भारत, उत्तर प्रदेश का सह राज्य प्रभारी नियुक्त करते हुए संगठनात्मक दायित्व प्रदान किया है। इस घोषणा से मीरजापुर सहित पूरे प्रदेश के योग साधकों में उत्साह और गौरव का माहौल है।
योगी ज्वाला सिंह पिछले करीब 18 वर्षों से निरंतर योग, आयुर्वेद और स्वदेशी सेवा के प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। राष्ट्रीय योगासन जज के रूप में उनकी पहचान देशभर में है। लाखों लोगों को योग और



आयुर्वेद से जोड़कर उन्हें निरोग जीवन की राह दिखाने के उनके प्रयासों को देखते हुए स्वामी रामदेव ने यह दायित्व आशीर्वाद स्वरूप सौंपा है।
इस अवसर पर युवा भारत के केंद्रीय प्रभारी रामाशीष ने कहा कि योगी ज्वाला के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में युवा भारत का विस्तार होगा और हजारों युवा योग, आयुर्वेद व स्वदेशी अभियान से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नशामुक्त, व्यसनमुक्त और रोगमुक्त युवाओं की एक सशक्त फौज तैयार कर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में योग क्रांति को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं पूर्व राज्य प्रभारी बृज मोहन ने इसे योगी ज्वाला की तपस्या और पुरुषार्थ का फल बताया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में गांव-गांव तक युवा संगठन खड़े होंगे और युवाओं को योग, स्वदेशी, आयुर्वेद, सनातन संस्कृति और जैविक कृषि से जोड़कर संस्कारवान भारत के निर्माण का संकल्प साकार होगा।

## जनवरी में शाहजहां उर्स पर तीन दिन नि:शुल्क होंगे ताज के दीदार, नहीं लेना होगा टिकट

### 15 से 17 जनवरी तक ताजमहल के लिए टिकट नहीं लेना होग



**आगरा।**
नए साल की शुरूआत जनवरी में आगरा पहुंचने वाले देसी विदेशी सैलानियों के लिए बड़ी खुशखबरी है । इस माह तीन दिन 15 से 17 जनवरी तक ताजमहल के दीदार के लिए टिकट नहीं लेना होगा। यह मौका है मुगल बादशाह शाहजहां के उर्स का, जिस अवधि में पर्यटकों के लिए ताजमहल का दीदार निशुल्क रहेगा।

**शाहजहां और मुमताज की असली कब्र देख सकेंगे**

मुगल बादशाह शाहजहां के 371 वें उर्स पर ताजमहल परिसर में तीन दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान पर्यटकों और जायरिनों को मुमताज और शाहजहां की असली कब्रों को देखने का मौका मिलेगा। उर्स कार्यक्रमों का आगाज 15 जनवरी को होकर 17 जनवरी को इसका समापन होगा। 15 जनवरी को दोपहर 2 बजे तहखाना खोला जाएगा, जहां शाहजहां और मुमताज की असली कब्रों पर गुस्ल से उर्स की शुरूआत की जाएगी। आम पर्यटक तहखाने में मौजूद कब्रों पर जा सकेंगे। 16 जनवरी को संदल की रस्म होगी और कव्वालियां होंगी। 17 जनवरी को शाहजहां की कब्र पर चादरपोशी की जाएगी।

**उर्स में रहेगी सख्त पुलिस व्यवस्था**

उर्स में ताजमहल के रेड जोन क्षेत्र में सतर्कता और उच्च स्तरीय सुरक्षा के कडे इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही ताजमहल के बाहर यलो जोन में भी पुलिस व्यवस्था सख्त रहेगी। जब ताज महल परिसर और मुख्य गुम्मदों के क्षेत्र रेड जोन की सुरक्षा व्यवस्था केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल(सीआईएसएफ) के अधीन है, जहां टिकट वितरण, मेंटेनेंस एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का प्रबंध भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। ताजमहल के बाहर की सुरक्षा व्यवस्था स्थानीय पुलिस एवं पीएसी द्वारा संचालित है। ताजमहल के किनारे बह रही यमुना नदी में भी सुरक्षा व्यवस्था पीएसी की नौका पुलिस द्वारा की जा रही है। उर्स के दौरान रेड जोन में असली कब्रों का दीदार करने वालों पर विशेष रूप से कड़ी नजर रखी जाएगी।

**पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

शाहजहां के उर्स के मौके पर हर साल देश-दुनिया से बड़ी संख्या में जायरीन और पर्यटक आगरा पहुंचते हैं। उर्स के दौरान ताजमहल में पारंपरिक रस्में निभाई जाती हैं और मुख्य मकबरे पर सतरंगी चादर चढ़ाई जाती है। शुल्क माफी से न केवल आम पर्यटकों को राहत मिलेगी बल्कि इससे आगरा के स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को भी उछाल मिलने की उम्मीद है।

## खजुराहो-उदयपुर एक्सप्रेस ट्रेन 8 जनवरी से विजयनगर स्टेशन पर रुकेगी



**महोबा।**
यात्रियों की सुविधा के लिए खजुराहो-उदयपुर सिटी-खजुराहो एक्सप्रेस ट्रेन का दो मिनट के लिए अजमेर मंडल के विजयनगर स्टेशन पर आठ जनवरी से आगामी आदेशों तक ठहराव दिया गया है।
रेलवे मंडल झांसी के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि 8 जनवरी से गाड़ी संख्या (19965) व (19666) खजुराहो-उदयपुर सिटी-खजुराहो प्रतिदिन एक्सप्रेस रेल सेवा का विजयनगर में ठहराव होगा।
इससे यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। गाड़ी संख्या 19665 स्टेशन पर दो बजकर चार मिनट पर आगमन होगा और इसके बाद ट्रेन 2 बजकर 6 मिनट पर प्रस्थान करेगी।

## फरुर्खाबाद में चाइनीज मांझा बंद कराने को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन


**फरुर्खाबाद।**



चाइनीज मांझा बंद कराने को लेकर फरुर्खाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय भी उपस्थित रहीं।
मंच के जिलाध्यक्ष मिश्रा ने ज्ञापन देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट से कहा कि आए दिन लोग चाइनीज मांझा से कट कर घायल हो रहे हैं। पूर्व में भी कई बार इसको लेकर आवाज उठाई गई एवं आंदोलन किए गए, लेकिन स्थित जस की तस बनी हुई है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसी कार्रवाई की जाए,
जिससे चाइनीज मांझा की बिक्री करने वालों के अंदर भय पैदा हो और वे इसे बेचने की हिम्मत ना कर पाए।
ज्ञापन देने के बाद भईयन मिश्रा ने पत्रकारों से बात में कहा कि उम्मीद है कि प्रशासन कठोर कार्रवाई करेगा और यदि कार्रवाई नहीं हुई तो फिर युद्ध स्तर पर आंदोलन चाइनीज मांझा के विरुद्ध प्रारंभ किया जाएगा।
राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि एक हफ्ते के अंदर चाइनीज मांझा बंद न होने पर चौक पर धरना दिया जाएगा।
उन्होंने कहा का कि जिले में जब तक चाइनीज मांझा बंद नहीं होगा, तब तक हम लोग चैन से नहीं बैठेंगे।
मौके पर उपस्थित सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने आश्वस्त किया की पुलिस इसकी रोकथाम के लिए ऐसी कार्रवाई करेगी जिससे चाइनीज मांझा की बिक्री करने वाला नेटवर्क को खत्म किया जा सके। उन लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व सभासद निशित दुबे, आलोक मिश्रा, ओम निवास पाठक, सनी बाथम, रईस नवाब, लकी शुक्ला, राजा मिश्रा, पंकज राठौर, सागर गुप्ता, शिवेंद्र बाजपेई, प्रशांत मिश्रा, शिवदेव सिंह, कार्तिकेय शुक्ला, आयुष सक्सेना, नीरज दुबे, अफरोज आलम खान, विनय दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गंगा एक्सप्रेसवे को मुरादाबाद से जोड़ने की तैयारी, आसान होगा प्रयागराज जाना

**मुरादाबाद।**



मुरादाबाद से गंगा एक्सप्रेसवे जुड़ने पर सड़क मार्ग से प्रयागराज जाना आसान हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सर्वे के बाद एजेंसी की रिपोर्ट केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय व संबंधित विभाग को भेजी जाएगी। इस सर्वे को कराने की तैयारी संबंधित विभाग की ओर से की जी रही है। यह जानकारी एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने मंगलवार को दी।
उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इस सर्वे रिपोर्ट की सारी जानकारी मंत्रालय को मुहैया कराएगा। इसके बाद एस्टीमेट तैयार किया जाएगा। इस मार्ग के तैयार होने पर संभल मार्ग का जाम भी कम हो जाएगा।

## कोहरे के चलते ट्रक-डीसीएम की भीषण टक्कर, एक चालक की मौत

**कानपुर।**





उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में घाटमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोहरे के चलते मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराते हुए कार्रवाई की।
घाटमपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि पतारा कस्बा में रहने वाले दिनेश कुमार (38) डीसीएम चालक थे। परिवार में पत्नी रीना व चार बच्चे आर्यन, रौनक, आरुषि व अंशिका हैं। आज सुबह दिनेश डीसीएम लेकर घाटमपुर से कानपुर की तरफ जा रहे थे। तभी बरनाव मोड़ के पास सामने आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से डीसीएम की सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में डीसीएम चालक दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल डीसीएम चालक को पतारा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## औरैया : डीएम ने जूम मीटिंग में अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

**जीरो पॉवर्टी अभियान के लाभार्थियों को सभी योजनाओं से संतृप्त करने के आदेश**

**औरैया।**



उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र योजनाओं से आच्छादित किए जाने के निर्देश दिए। जूम मीटिंग करते हुए मंगलवार को डीएम ने संबंधित विभागों को उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, पेंशन योजनाएं एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं से लाभ सुनिश्चित कराने को कहा।
जिलाधिकारी ने आईटीआई प्रधानाचार्य को 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल व सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा बैठक कर गुणवत्तापूर्ण व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।
जूम मीटिंग में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सक्षम स्तर से एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए तथा भविष्य में समय से प्रतिभाग न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।
उन्होंने उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को 3 व 5 वर्ष से अधिक पुराने लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रवृत्ति प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं आवारा गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मीरजापुर में मतदान केंद्रों की अनुमोदित सूची जारी–115 नए बूथ, अब 2258 पर होगा मतदान


**मीरजापुर।**




आगामी चुनावों को लेकर प्रशासन ने मतदान व्यवस्था को और अधिक सुगम व व्यवस्थित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर जनपद में मतदान केंद्रों की नई अनुमोदित सूची जारी कर दी गई है।
भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के दिशा-निदेर्शों के तहत उन मतदान केंद्रों का पुनर्गठन किया गया है, जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो चुकी थी। भीड़ कम करने और मतदाताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे केंद्रों का विभाजन कर नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं।
इस प्रक्रिया के अंतर्गत मीरजापुर जनपद में कुल 115 नए मतदेय स्थल जोड़े गए हैं। इसके साथ ही जनपद में मतदेय स्थलों की संख्या 2143 से बढ़कर अब 2258 हो गई है। यह बदलाव जनपद की पांच विधानसभा सीटों छानबे (अजा), मीरजापुर, मझवां, चुनार और मड़िहान में किया गया है। विभाजन के बाद छानबे में मतदेय स्थल 462, मीरजापुर में 451, मझवां में 474, चुनार में 426 और मड़िहान में 445 हो गए हैं।

# संभल में सरकारी जमीन पर बने मकान और धार्मिक स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी, भारी पुलिस बल तैनात

**संभल।**
उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के असमोली थाना क्षेत्र के राया बुजुर्ग गाँव में तालाब की जमीन पर बने मकानों पर आज प्रशासन ने कार्रवाई कर रहा है। इसमें अवैध रूप से बनी मस्जिद और तीन मकानों को हटाने की कार्रवाई शामिल है। प्रशासन ने मकान मालिकों और मुतवल्ली को एक मौका दिया है कि वे खुद अवैध कब्जे को तोड़ दें, नहीं तो बुलडोजर से निर्माण को तोड़ा जाएगा।
इस प्रक्रिया में 50 पुलिसकर्मी, दो नायब तहसीलदार, तीन कानूनगो और 10 लेखपाल तैनात किए गए हैं। मामला थाना असमोली क्षेत्र के गांव राया बुजुर्ग का है। यहां तालाब पर



कब्जा कर मस्जिद मुतवल्ली के 3 भाइयों ने 3 मकानों का निर्माण किया है। आज मंगलवार को गोसूलवरा मस्जिद के मुख्य हिस्से को तोड़कर जमीन समतल किया जाएगा और उसे सरकारी इमारत बनाने में प्रयोग किया जाएगा। किस सरकारी इमारत के लिए भूमि का उपयोग होगा, यह समय आने पर पता चलेगा।
संभल के असमोली क्षेत्र के सीओ कुलदीप सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यहां राया बुजुर्ग में



अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। यहां सरकारी भूमि पर मस्जिद का निर्माण किया गया था, उसे हटाने का काम किया गया था और ो मका के अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार तीन मकान मालिकों को भी नोटिस दिया गया था आज उसे भी तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।
संभल के तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन लोगों द्वारा अपना अवैध निर्माण खुद से हटाया जा रहा है। यह गाटा संख्या 682 है जो 880 वर्ग मीटर तालाब की भूमि है । इस पर कब्जा करके इनके द्वारा मकान बनाया गया है । इनके नाम असरार , अबरार ओर बाबू हैं । इन लोगों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में एक पीआईएल योजित की गई थी जिस पर 6 अक्टूबर को माननीय न्यायालय ने यह निर्देश दिए गए थे कि ग्राम समाज के सभी कब्जों को 90 दिन में हटा दिए जाएं नहीं तो सम्बन्धित अधिकारियों ओर कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी । इसी क्रम में यह सभी प्रक्रिया उसी निर्देश के तहत संपादित की जा रही है।

# बिना बिके घरों की संख्या में आया उछाल.........सबसे ज्यादा बुरी हालत बेंगलुरु के रियल एस्टेट बाजार की

**मुंबई ।**

भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर के लिए साल 2025 का अंत मिला-जुला रहा, एक ओर जहां नए प्रोजेक्ट्स की बाढ़ आई, वहीं खरीदारों की मांग में आई नरमी ने बिना बिके घरों के आंकड़ों को ऊपर पहुंचा दिया है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश के सात प्रमुख शहरों में बिना बिके घरों की संख्या में 4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जिससे अब बाजार में करीब 5.77 लाख यूनिट्स खरीदारों का इंतजार कर रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु के रियल एस्टेट बाजार में सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया है। यहां बिना बिके घरों के स्टॉक में 23 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है। यह दिखाता हैं कि नए प्रोजेक्ट्स की तुलना में खरीदारों की दिलचस्पी यहां कुछ कम हुई है। वहीं हैदराबाद और मुंबई (एमएमआर) में सकारात्मक संकेत मिले हैं। हैदराबाद में बिना बिके घरों में 2 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण नए प्रोजेक्ट्स की सप्लाई पर लगाम लगना है। साल 2024 के अंत में यहां 97,765 यूनिट्स थीं, जो 2025 के अंत तक घटकर 96,140 रह गईं। मुंबई देश के सबसे महंगे रियल एस्टेट बाजार में भी स्टॉक में 1 प्रतिशत की मामूली कमी देखी गई है।



रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में दिल्ली-एनसीआर भारत के टॉप 7 शहरों में आवासीय कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाला क्षेत्र बना हुआ है। यहां घरों की औसत कीमतों में 23 प्रतिशत रिकॉर्ड उछाल आया, जो साल 2024 के 7,550 प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2025 के अंत तक 9,300 प्रति वर्ग फुट पहुंच गया। हालांकि, देश के अन्य प्रमुख शहरों में कीमतों की यह बढ़त पिछले साल (2024) की 13-27 प्रतिशत की तुलना में इस बार महज 4 से 9 प्रतिशत के बीच ही सिमटी गई।

# माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने पेश किया 500 रुपए का कॉम्बो ऑफर

*भक्तों को कम खर्च में व्यवस्थित और सुविधाजनक दर्शन मिलेंगे*

**जम्मू ।**

नए साल 2026 की शुरुआत माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए विशेष सौगात के रूप में हुई है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुविधा और यात्रा को और अधिक यादगार बनाने के लिए एक बजट फ्रेंडली कॉम्बो ऑफर पेश किया है। यह पैक केवल 500 रुपए में उपलब्ध है और इसका उद्देश्य भक्तों को कम खर्च में व्यवस्थित और सुविधाजनक दर्शन का अनुभव देना है। श्राइन बोर्ड ने इस पैक में भक्तों की यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुविधाएं जोड़ी हैं। इसमें विशेष आरती के समय उचित प्रबंधन के साथ शामिल होने का अवसर, माता के दरबार से मिलने वाला पवित्र प्रसाद, और लंबी चढ़ाई के बाद आराम करने के लिए डॉरमेट्री या विश्राम गृह की सुविधा शामिल है। इसके अलावा, यात्रियों के लिए पौष्टिक भोजन और जलपान की व्यवस्था भी इस पैक में शामिल है। नए साल के दौरान कटरा और मंदिर में भारी भीड़ उमड़ती है। श्राइन बोर्ड का उद्देश्य भक्तों को अलग-अलग सुविधाओं के लिए लंबी लाइन में न खड़ा होना पड़े और सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर आसानी से मिल जाएं। इस सोच के तहत यह कदम उठाया गया है। भक्त माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस 500 रुपए वाले कॉम्बो की अग्रिम बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा कटरा में निहारिका परिसर और अन्य काउंटर पर भी इसकी जानकारी और बुकिंग उपलब्ध है।

# एनएससी में 2,50,000 जमा करके पाएं 1,16,062 का फिक्स रिटर्न



**- योजना पर मिलता है सालाना 7.7 प्रतिशत ब्याज**

**मुंबई ।**

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) भारत सरकार द्वारा समर्थित एक ऐसा निवेश विकल्प है, जो जोखिम-मुक्त होने के साथ निवेशकों को निश्चित रिटर्न देता है। वर्तमान में इस योजना पर सालाना 7.7 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है। ब्याज दर निवेश के समय तय होती है और पूरे निवेश अवधि के लिए स्थिर रहती है। ब्याज की गणना सालाना होती है, लेकिन भुगतान मैच्योरिटी पर एक साथ किया जाता है।

एनएससी में निवेश करने का एक और प्रमुख फायदा यह है कि यह धारा 80सी के तहत टैक्स बचत का अवसर देता है। हर साल का ब्याज (अंतिम वर्ष को छोड़कर) भी टैक्स छूट के अंतर्गत आता है, जिससे निवेशक अपनी टैक्स प्लानिंग को बेहतर बना सकते हैं। इस योजना में हर साल मिलने वाला ब्याज फिर से निवेश माना जाता है, जिससे कंपाउंडिंग के आधार पर कुल रिटर्न बढ़ता है। एनएससी में सभी भारतीय नागरिक निवेश कर सकते हैं। हालांकि एनआरआई इसमें निवेश नहीं कर सकते। यदि कोई निवेशक निवेश के बाद एनआरआई बन जाता है, तो वह मैच्योरिटी तक सर्टिफिकेट अपने पास रख सकता है। वयस्क अपने नाम पर, अभिभावक नाबालिग या मानसिक रूप से असमर्थ व्यक्ति के नाम पर, और 10 वर्ष से अधिक उम्र के नाबालिग स्वयं भी निवेश कर सकते हैं। यदि कोई निवेशक 2,50,000 एकमुश्त निवेश करता है, तो 5 साल में कुल रिटर्न लगभग 1,16,062 रुपए होगा।

इस प्रकार मैच्योरिटी पर कुल राशि लगभग 3,66,062 रुपए हो जाती है।

# आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने रेपो रेट में कटौती का निर्णय लिया

**महंगाई दर नियंत्रित, आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देने की संभावना**



**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने हाल ही में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए रेपो रेट में कटौती का निर्णय लिया है।

समिति के एक सदस्य ने कहा कि महंगाई दर उम्मीद के अनुसार बनी हुई है और वर्तमान में कम स्तर पर है। अक्टूबर 2025 में समग्र महंगाई दर केवल 0.3 प्रतिशत थी, जबकि पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित महंगाई दर 2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि पिछले चरणबद्ध कटौती के असर से ऋण और जमा दरों में बदलाव महसूस किया गया है, और मौजूदा आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देने के लिए 25 आधार अंक और कटौती की संभावना दिखाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च ट्रंप शुल्क के कारण कारोबार पर असर पड़ रहा है। ऐसे माहौल में नीतिगत कदम लेने से आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। समिति का यह निर्णय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और निवेश एवं व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है, जबकि महंगाई दर नियंत्रण में बनी हुई है।

# वेनेजुएला के तेल संकट पर अमेरिका की नजर, भारत के लिए अवसर भी

**- देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार, लगभग 303 अरब बैरल, लेकिन उत्पादन में गिरावट**

**नई दिल्ली ।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की 3 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद देश के तेल सेक्टर पर चर्चा तेज हो गई है। देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, लगभग 303 अरब बैरल, लेकिन उत्पादन लगातार गिरता रहा है। 2010 में रोजाना लगभग 20 लाख बैरल तेल निकाला जाता था, जबकि नवंबर 2025 में यह घटकर केवल 9 लाख बैरल प्रति दिन रह गया। विशेषज्ञों के अनुसार वेनेजुएला में तेल उत्पादन तेजी से बढ़ाना आसान नहीं है। सरकारी तेल कंपनी पीडीवीएसए में लंबे समय से निवेश की कमी और खराब इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण 2026 में केवल 1.5 लाख बैरल प्रति दिन की बढ़ोतरी संभव है। बंदरगाहों पर जहाजों को तेल भरने में पांच दिन लगते हैं, पाइपलाइन लीकेज हो रही हैं और कई रिफाइनरी बंद हैं। उत्पादन बढ़ाने के लिए अगले 10 साल में करीब 100 अरब डॉलर निवेश की जरूरत होगी। अमेरिका की तेल कंपनियां भारी कच्चा तेल निकालने में दिलचस्पी दिखा सकती हैं। हालांकि, स्थिरता और सुरक्षा न होने के कारण बड़े निवेश में हिचकिचाहट है। भारत की कुछ सरकारी तेल कंपनियां पहले से पीडीवीएसए के साथ काम कर रही हैं। अगर निवेश और मशीनरी आसानी से मिलें, तो उत्पादन बढ़ सकता है। भारत पहले वेनेजुएला से रोजाना लगभग 4 लाख बैरल तेल मंगाता था, जो सस्ता और भारी कच्चा तेल होने के कारण रिफाइनरियों के लिए लाभकारी है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.30 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया चार पैसे टूटकर 90.24 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से रुपये में गिरावट आने के आसार हैं हालांकि कच्चे तेल की कम कीमतें कुछ हद तक राहत प्रदान कर सकती हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.21 पर खुला। शुरुआती कारोबार में और टूटकर 90.24 प्रति डॉलर पर आ गया। रुपया शुक्रवार को 22 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.20 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.50 पर रहा।



## उड़ान के दौरान कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चार्ज करना प्रतिबंधित- डीजीसीए

**विमान में सीट में लगे पावर सॉकेट से भी पावर बैंक चार्ज करने की अनुमति नहीं**

**नई दिल्ली ।** विमानन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डीजीसीए ने पावर बैंक और लिथियम बैटरी वाले उपकरणों से जुड़े नियमों को सख्त कर दिया है। नए नियमों के तहत उड़ान के दौरान पावर बैंक से मोबाइल, लैपटॉप या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को चार्ज करना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। अब विमान में सीट में लगे पावर सॉकेट से पावर बैंक चार्ज करना की भी अनुमे ति नहीं होगी। केवल हैंडबैग में पावर बैंक और अतिरिक्त बैटरियां ले जाने की अनुमति होगी। इन्हें चेक-इन बैगेज या ओवरहेड बिन में रखने की अनुमति नहीं है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे यात्रियों को नए नियमों के बारे में उड़ान से पहले अवगत कराएं। यदि किसी डिवाइस में अत्यधिक गर्मी, धुआं, आग या अजीब गंध महसूस हो, तो यात्री को तुरंत केबिन क्रू को सूचित करना होगा। साथ ही, लिथियम बैटरी से जुड़ी किसी भी सुरक्षा घटना की रिपोर्ट डीजीसीए को तुरंत देना एयरलाइंस के लिए अनिवार्य होगी। एविएशन एक्सपर्ट्स का कहना है कि एक यात्री, एक हैंडबैग नियम को सख्ती से लागू करना जरूरी है। ओवरहेड बिन में हैंडबैग भर जाने पर एयरलाइंस अक्सर उन्हें कार्गो होल्ड में रख देती हैं, जिससे लिथियम बैटरी के कारण जोखिम बढ़ सकता है। एमिरेट्स एयरलाइंस और सिंगापुर एयरलाइंस ने पहले ही उड़ान के दौरान पावर बैंक के इस्तेमाल और चार्जिंग पर रोक लगा दी थी। नियम के अनुसार यात्रियों को केवल 100 वाट-घंटे से कम क्षमता वाले पावर बैंक ही ले जाने की अनुमति है।

## कैथे कार्गो ने भारत को रणनीतिक बाजार बताया

**कंपनी हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद जैसे प्रमुख केंद्रों पर सेवाएं बढ़ाएगी**

**हांगकांग ।** हांगकांग स्थित हवाई मालवाहक संचालक कैथे कार्गो ने भारत को अपने लिए रणनीतिक बाजार बताया है। कंपनी वर्तमान में प्रति सप्ताह 13 मालवाहक उड़ानें संचालित कर रही है- दिल्ली और चेन्नई के लिए पांच-पांच तथा मुंबई के लिए तीन। कैथे कार्गो के दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका खंड के प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के साथ कंपनी भारत में निवेश बढ़ाने की योजना बना रही है। उन्होंने भारत में 1953 से अपनी सेवाएं शुरू करने और 2000 में मालवाहक संचालन बढ़ाने का जिक्र किया। उन्होंने मेक इन इंडिया और प्रधानमंत्री गति शक्ति जैसी पहलों को निवेशकों के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाला बताया। लॉजिस्टिक क्षेत्र में विस्तार और लागत कम करने के अवसरों को भी उन्होंने रेखांकित किया। कैथे कार्गो के निर्देशक ने कहा कि को-टर्मिनलाइजेशन के माध्यम से कंपनी हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद जैसे प्रमुख केंद्रों तक सेवाएं बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत में मांग बढ़ रही है और व्यवसाय के अवसर भी लगातार मजबूत हो रहे हैं।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल ऋण 19.61 फीसदी बढ़ा

**- कुल कारोबार 5.95 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा**

**नई दिल्ली ।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने अक्टूबर-दिसंबर 2025 की तिमाही में कुल ऋण में 19.61 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की। इस दौरान बैंक का कुल बकाया ऋण बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 2.29 लाख करोड़ रुपये था। कुल ऋण में कॉरपोरेट ऋण 1.02 लाख करोड़ और खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) ऋण 1.71 लाख करोड़ रुपये शामिल हैं। बीओएम का कुल कारोबार, यानी कुल ऋण और जमा, 17.24 प्रतिशत बढ़कर` 5.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल दिसंबर के अंत में यह 5.08 लाख करोड़ रुपये था। चालू खाते और बचत खाते में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। यह सालाना आधार पर 15.93 प्रतिशत बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 1.37 लाख करोड़ रुपये था।

# अवांसे फाइनेंशियल ने 1200 करोड़ राइट्स इश्यू के जरिए जुटाए




**नई दिल्ली।**

अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) ने मौजूदा शेयरधारकों वारबर्ग पिंकस, केदारा कैपिटल और अल्फा इन्वेस्टमेंट कंपनी एलएलसी से 1200 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह राइट्स इश्यू के माध्यम से हुआ। कंपनी का कहना है कि यह कदम शेयरधारकों के मजबूत विश्वास और विविध वित्तपोषण आधार को दर्शाता है। अवांसे सतत विकास, जोखिम प्रबंधन और निष्पादन क्षमता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय छात्रों की शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्रिय है। नए जुटाए गए धन का उपयोग शिक्षा ऋण वितरण बढ़ाने, शैक्षणिक अवसंरचना सुधारने और संस्थागत साझेदारियों को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। कंपनी का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में विस्तार और दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करना है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 322, निफ्टी 78 अंक गिरा**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान गैस उर्जा और आईटी शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी जिससे भी बाजार टूटा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 322.39 अंक नीचे आकर 85,439.62 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 78.25 अंक फिसलकर 26,250.30 पर बंद हुआ। आज निफ्टी रियल्टी,, निफ्टी इंडिया डिफेंस 2.04 , निफ्टी कंज्यूमर, निफ्टी एफएमसीजी में तेजी रही जबकि

निफ्टी आईटी , निफ्टी ऑयल एंड गैस , निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी हेल्थकेयर 0.32 शेयरों में गिरावट रही।




सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एसबीआई के शेयर उछले जबकि एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एचसीएलटेक, बजाज फाइनेंस, टीसीएस और महिंद्रा के शेयर गिरे। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 100.20 अंक टूटकर 61,265.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 94.35 अंक फिसलकर 17,926.40 पर बंद हुआ।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार कमजोर शुरुआत के साथ गिरावट पर खुले। सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 85,640 अंक पर खुला। शुरुआती कारोबार में बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वहीं एनएसई का निफ्टी लगभग सपाट रुख के साथ 26,333 अंक पर खुला और 32.50 अंक की गिरावट के साथ 26,296 अंक पर ट्रेड करता दिखा। वहीं एशियाई शेयर बाजारों में तेजी देखने को मिली। जापान को छोड़कर एशिया-प्रशांत क्षेत्र का एमएससीआई इंडेक्स 1.2 फीसदी चढ़ा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 2.8 फीसदी उछलकर करीब दो महीने पहले बने रिकॉर्ड स्तर के पास पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी और ताइवान का शेयर बाजार भी 2 फीसदी से अधिक की तेजी के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। चीन के बाजारों में सुस्ती बनी रही। हैंग सेंग इंडेक्स में केवल 0.1 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

# वेनेजुएला में संकट के चलते शेयर बाजार में ऑयल कंपनियों के शेयरों में तेजी

**मुकेश अंबानी को सबसे ज्यादा फायदा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर शिखर पर पहुंचे**

**नई दिल्ली।**

वेनेजुएला पर अमेरिका हमले के बाद सोमवार को शेयर बाजार में ऑयल कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, खासतौर पर मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को वेनेजुएला संकट का सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर शिखर पर पहुंच गए हैं और नया रिकॉर्ड बनाया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक फीसदी से ज़्यादा चढ़कर 1,611.8 रुपए प्रति शेयर के नए 52 हफ़्ते के हाई पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा ओएनजीसी के शेयरों ने भी 2 फीसदी की तेजी दिखाई, लेकिन बाद में गिर गए। ऑयल मार्केटिंग कंपनीज- आईओसी, बीपीसीएल, और एचपीसीएल के शेयरों भी शुरुआती बढ़त के बाद गिरावट देखी गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर हमले के बाद सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें थोड़ी बढ़ गईं, क्योंकि निवेशक यह सोच रहे थे कि ओपीईसी सदस्य वेनेजुएला में राजनीतिक उथल-पुथल से सप्लाई वाले बाज़ार में शिपमेंट में कोई रुकावट आएगी। वहीं, कुछ एनालिस्ट्स को उम्मीद है कि इस डेवलपमेंट से तेल की कीमतें कम होंगी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि संभावित अमेरिकी अधिग्रहण से वेनेज़ुएला के कच्चे तेल के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध हट सकते हैं। ऐसे में रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ब्रेंट के मुकाबले डिस्काउंट पर कच्चा तेल खरीद सकती है, जिससे कंपनी



का ग्रॉस रेवेन्यू मार्जिन बढ़ेगा। बता दें रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी का सिलसिला जारी है। पिछले एक साल में इस स्टॉक ने 30 फीसदी से ज्यादा की तेजी दिखी, जबकि पांच साल में यह शेयर 65 फीसदी रिटर्न दे चुका है। हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों पर ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने ओवरवेट की रेटिंग के साथ प्रति शेयर पर 1,847 का टारगेट प्राइस दिया था।

## भारत के आठ बड़े शहरों में ऑफिस स्पेस की मांग 25 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली ।** एक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत के आठ प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थान की मांग 25 फीसदी बढ़कर 6.14 करोड़ वर्गफुट हो गई। पिछले साल यह मांग 4.91 करोड़ वर्गफुट थी। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई में शुद्ध ऑफिस पट्टे की मांग बढ़ी, जबकि मुंबई, कोलकाता और अहमदाबाद में गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि घरेलू और विदेशी कंपनियों की बढ़ती गतिविधियाँ, वैश्विक क्षमता केंद्रों का विस्तार और तकनीकी अपनाने में वृद्धि प्रमुख कारण हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह आंकड़े केवल संख्याएं नहीं बल्कि दीर्घकालिक मजबूती और स्थायी वृद्धि का संकेत हैं। 2026 में भी ऑफिस स्पेस की मांग मजबूत रहने की संभावना है।



देश का दर्पण न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड 14 नंबर वीकेआई सीकर रोड जयपुर राजस्थान मोबाइल नंबर 701499 7449/ 7878970109 deshkadarpannews.@gmail.com website - www.deshkadarpannews.co/www.deshkadarpannews.com